Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24 website- www.dvpnews.in रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 180 ● वर्ष : 12 ● रायपुर, सोमवार 06 जनवरी 2025 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



पहले देश का प्रभाव विदेशों पर था लेकिन अब विदेशी मुद्रा का प्रभाव भारत देश पर पड़ रहा है।

Earlier our country had influence on foreign countries but now foreion currency is in fluenciny our counter.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

**गरियाबंद में 338 करोड़ रुपए के 193 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन**

## मोदी जी की गारंटी के अनुरूप हमने हर वर्ग से जुड़े वायदों को पूरा किया : मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

- वनांचल क्षेत्रों को विकास के दौड़ में आगे लाने हमारी सरकार दृढ़प्रतिज्ञ : मुख्यमंत्री
- बेलाट नाला पर पुल निर्माण की घोषणा, 36 गांवों को मिलेगी आवागमन सुविधा



**रायपुर (विश्व परिवार)।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने पीएम जनमन योजना के माध्यम से विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगों के जीवन में विकास का उजियारा लाने की बड़ी पहल की है। पीएम जनमन योजना के माध्यम से विशेष पिछड़ी जनजाति के लोग मुख्यधारा में शामिल हो रहे हैं। गरियाबंद विशाल वन क्षेत्र और प्राकृतिक सुंदरता से समृद्ध जिला है। यहां बड़ी संख्या में विशेष पिछड़ी जनजातियां निवास करती हैं, जिनकी विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। हमारी सरकार मोदी की गारंटी के हर वायदे को पूरा कर रही है। मुख्यमंत्री श्री साय ने आज गरियाबंद जिले के पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित आमसभा को सम्बोधित करते हुए यह बात कही।

मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर 338 करोड़ रुपए के 193 कार्यों का लोकार्पण-भूमिपूजन किया। इनमें 119 करोड़ रुपए के 44 कार्यों का लोकार्पण तथा 219 करोड़ रुपए के 149 कार्यों का भूमिपूजन शामिल है। उन्होंने इस मौके पर जिले के दूरस्थ वनांचल क्षेत्र देवभोग-झाखरपारा के 36 गांवों के लोगों की सुविधा के लिए बेलाट नाले पर पुल निर्माण की घोषणा की। कार्यक्रम में उन्होंने विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं में 99 हितग्राहियों को कृषि पंप, मछली जाल सहित एक करोड़ 27 लाख रूपये विभिन्न सामग्रियों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं तथा अनुकम्पा नियुक्ति के प्रकरणों में पात्र लोगों को नियुक्ति पत्र सौंपा।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि पीएम जनमन योजना अंतर्गत 2 हजार 528 से अधिक आवास गरियाबंद में हमारे कमार जनजाति के लोगों के लिए स्वीकृत किये गये हैं। गरियाबंद जिले में ही इस योजना के माध्यम से 58 करोड़ रुपए की लागत से 49 सड़कें बन रही हैं। सड़कों के पूर्ण होने से कमार जनजाति की बसाहटें अब मुख्यधारा से जुड़ जाएगी, कमार जनजाति के बच्चे अब आसानी से उच्च शिक्षा ग्रहण कर पाएंगे। कमार बसाहटों तक आसानी से जरूरत पड़ने पर एंबुलेंस पहुंच पाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब हमने कुंभ मेले का आयोजन राजिम में आरंभ कराया था तब त्रिवेणी संगम की इस नगरी में पूरे देश से संतों का समागम हुआ। राजिम का यश और बढ़ा। दुर्भाग्य से पूर्ववर्ती सरकार ने इसकी गरिमा कम कर दी। हमारी सरकार ने इसे फिर से उसी भव्य रूप में आरंभ किया है। अगले महीने राजिम कुंभ का आयोजन पुन: होगा। इस बार भी पूरी भव्यता से इस सुंदर समारोह का आयोजन हम करेंगे। राजिम में संत-समागम होगा और हम सब इस सत्संग का लाभ प्राप्त करेंगे। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन के नवाचार कार्यों की तारीफ करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने एक पेड़ माँ के नाम लगाने का अभियान आरंभ किया। इसमें एक ही दिन में गरियाबंद की माताओं-बहनों ने 87 हजार से अधिक पौधे लगाकर लिम्का बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड में नाम दर्ज करा दिया। इसके लिए सभी माताओं-बहनों को बहुत बहुत बधाई।

**अनुकंपा एवं आंगनबाड़ी नियुक्ति पाने वालों ने कहा- थैंक्यू सीएम सर**



मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की पहल पर गरियाबंद जिले में अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों का निराकरण एवं आंगनबाड़ी के रिक्त पदों की पूर्ति के लिए विशेष अभियान चलाया गया है। इसके फलस्वरूप लगभग 50 लोगों को अनुकंपा नियुक्ति मिल चुकी है, साथ ही 206 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं की भर्ती भी हुई है। आज गरियाबंद जिला मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने शामिल होकर जिला प्रशासन के इस विशेष अभियान की प्रशंसा की। साथ ही लाभान्वित हितग्राहियों ने एक स्वर में थैंक्यू सीएम सर कहकर मुख्यमंत्री श्री साय का आभार जताया।

## अबूझमाड़ में एनकाउंटर, चार वर्दीधारी नक्सली ढेर

**मुठभेड़ में डीआरजी का प्रआ शहीद**

**दंतेवाड़ा-रायपुर (विसं)।** दक्षिण अबूझमाड़ में नक्सलियों के साथ चल रहे मुठभेड़ में दंतेवाड़ा डीआरजी के जवान प्रधान आरक्षक सन्नू कारम शहीद हो गए हैं. वहीं सर्च ऑपरेशन के दौरान अब तक 4 वर्दीधारी नक्सलियों का शव बरामद हुआ है. इसके अलावा एके-47, एसएलआर जैसे आटोमैटिक हथियार बरामद हुआ हैजानकारी के अनुसार, नक्सल विरोधी सर्च अभियान में 3 जनवरी को नारायणपुर, दंतेवाड़ा, जगदलपुर, कोंडागांव जिले की डीआरजी के साथ एसटीएफ की संयुक्त पार्टी अबूझमाड़ क्षेत्र में रवाना हुई थी. नक्सलियों की मौजूदगी को देखते हुए 4 जनवरी की शाम से सुरक्षा बलों और नक्सलियों के मध्य रुक-रुक कर मुठभेड़ जारी है.

**जवानों की शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी : सीएम साय**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पोस्ट किया। उन्होंने कहा कि नारायणपुर और दंतेवाड़ा जिले के सीमावर्ती दक्षिण अबूझमाड़ क्षेत्र में सुरक्षाबलों की निक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ में अब तक 4 नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। मुठभेड़ में जीआरजी के जवान, प्रधान आरक्षक सन्नू कारम के शहीद होने की भी दुखद खबर प्राप्त हुई है। उनका यह बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। ईश्वर से शहीद जवान की आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को संबल प्रदान करने की प्रार्थना करता हूं। ओम शांति।

## प्रधानमंत्री मोदी ने जापानी पार्क में चुनाव रैली को किया संबोधित

**'आप-दा' से कम नहीं दिल्ली सरकार, भाजपी ही करेगी सपने साकार : प्रधानमंत्री**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले दिल्ली के रोहिणी स्थित जापानी पार्क में परिवर्तन रैली को संबोधित किया। इस दौरान पीएम मोदी ने उम्मीद जताई कि दिल्ली में इस बार कमल खिलेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, मैं दिल्लीवासियों से एक विशेष अनुरोध करना चाहता हूं। दिल्ली और आपके बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए मैं आपसे अनुरोध करने आया हूं कि आप भाजपा को एक अवसर प्रदान करें। ये भाजपा ही है जो दिल्ली का विकास कर सकती है।

उन्होंने आगे कहा, बीते 10 साल में दिल्ली ने जिस तरह की राज्य सरकार देखी है, वो किसी 'आप-दा' से कम नहीं है। यह एहसास आज दिल्ली वालों को अच्छे से हो चुका है, इसलिए अब दिल्ली में एक ही आवाज गूंज रही है, 'आप-दा' नहीं सहेंगे, बदल के रहेंगे। अब दिल्ली विकास की धारा चाहती है और मुझे खुशी है कि दिल्ली का विश्वास भाजपा पर है। भाजपा पर ये विश्वास इसलिए है, क्योंकि भाजपा सुशासन लाने वाली पार्टी है। भाजपा सेवाभाव से काम करने वाली पार्टी है, भाजपा सपनों को पूरा करने वाली पार्टी है। पीएम मोदी ने परिवर्तन रैली को संबोधित करते हुए कहा, हम 2025 में हैं। 21वीं सदी को 25 साल बीत चुके हैं यानी एक चौथाई सदी गुजर गई है। इस दौरान दिल्ली में नौजवानों की दो या तीन पीढ़ी जवान हो चुकी है। अब आने वाले 25 साल भारत के भविष्य के लिए, दिल्ली के भविष्य के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने आगे कहा, ये 25 साल, भारत को विकसित राष्ट्र बनते हुए देखेंगे। हम उसके भागीदार होंगे। ये भारत को आधुनिकता के एक नए दौर से गुजरते हुए देखेंगे। विकसित भारत के इस सफर का एक बहुत बड़ा पड़ाव जल्द ही आने वाला है। जब भारत, दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बनेगा। पीएम मोदी जीत को लेकर आश्वस्त दिखे। मुझे विश्वास है कि दिल्ली विधानसभा में भी कमल खिलने वाला है। मैं दिल्ली भाजपा के सभी कर्मठ कार्यकर्ताओं से कहूंगा कि पूरी निष्ठा के साथ दिल्ली के हर कार्यकर्ता से मिलिए, उन्हें आने वर्षों के लिए भाजपा के संकल्प से परिचित कराइए। ये भाजपा ही है, जो दिल्ली को, दुनिया की बेहतरीन राजधानी का गौरव दिला सकती है। उन्होंने कहा, पिछले साल केंद्र की भाजपा सरकार ने दिल्ली में सुरक्षा, स्वास्थ्य सेवा और विकास संबंधी पहलों के लिए 75,000 करोड़ रुपये से अधिक आवंटित किए थे। हमारा उद्देश्य दिल्ली को एक ऐसी राजधानी में बदलना है जो भारत की समृद्ध विरासत को दर्शाती हो और वैश्विक व्यवस्था के अनुरूप अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए एक केंद्र के रूप में भी काम करे। दिल्ली को शहरी विकास के ऐसे मॉडल की जरूरत है, जो बाकी दुनिया के लिए एक मिसाल कायम करे। यह तभी हासिल किया जा सकता है, जब भाजपा को राज्य और केंद्र दोनों पर शासन करने का मौका दिया जाए।

## पोरबंदर हवाईअड्डे पर हेलीकॉप्टर क्रैश, राहत अभियान जारी

**पोरबंदर (आरएनएस)।** पोरबंदर हवाईअड्डे पर रविवार को बड़े हादसे में कोस्ट गार्ड का एक हेलीकॉप्टर क्रैश हो गया है। हेलीकॉप्टर के क्रैश होने के बाद उसमें आग लग गई, जिससे स्थिति और भी गंभीर हो गई। हादसे के बाद पुलिस और राहत कार्यों में जुटी टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर बचाव कार्य शुरू किया है। मिली जानकारी के अनुसार, इस दुर्घटना में तीन लोगों की मौत की आशंका जताई जा रही है। वहीं, कुछ लोग घायल भी हुए हैं जिन्हें नजदीकी अस्पताल में इलाज के लिए भेजा गया है। हेलीकॉप्टर क्रैश होने के पीछे क्या कारण है। अभी इस बारे में कोई जानकारी निकलकर सामने नहीं आई है। मामले की जांच की जाएगी। घटना स्थल पर दमकल विभाग और मेडिकल की टीम मौजूद है।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मिले अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी

**छत्तीसगढ़ के विकास को लेकर मुख्यमंत्री साय के विजन से अमेरिकी राजदूत हुए परिचित**



**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ आना मेरा सपना था, मैने छत्तीसगढ़ की प्रकृति और यहां के पर्यटन स्थलों, संस्कृति के विषय में बहुत कुछ पढ़ और सुन रखा था। आज यहां आकर बहुत अच्छा लग रहा है। यह बात मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से मुख्यमंत्री निवास में आत्मीय मुलाकात के दौरान भारत में अमेरिका के राजदूत श्री एरिक गार्सेटी ने कही। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ शांत और सुंदर प्रदेश है। इस सुंदर प्रदेश की विकास यात्रा में अब अमेरिका भी साझेदार बनेगा।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से मुलाकात के दौरान राजदूत श्री गार्सेटी ने राज्य में निवेश को बढ़ावा देने, सांस्कृतिक पहलुओं और आर्थिक संभावनाओं पर गहन चर्चा की। मुख्यमंत्री श्री साय ने उन्हें छत्तीसगढ़ में हो रहे विकास कार्यों और नई औद्योगिक नीति से निवेशकों के लिए बने अनुकूल वातावरण के बारे में विस्तार से बताया। श्री साय ने कहा कि हमारा राज्य वैश्विक निवेशकों के लिए खुला है और यहां हर क्षेत्र में बड़े पैमाने पर विकास हो रहा है। अमेरिका जैसे मित्र राष्ट्रों का सहयोग हमारे लिए गौरव की बात है।

चर्चा के दौरान राजदूत श्री गार्सेटी ने कहा छत्तीसगढ़ बिजली उत्पादन के क्षेत्र में सरप्लस स्टेट है। यहां ऊर्जा, रक्षा, लॉजिस्टिक्स, आईटी और सेमीकंडक्टर जैसे क्षेत्रों में निवेश की अपार संभावनाएं हैं। राजदूत ने कहा, हम छत्तीसगढ़ में विभिन्न अमेरिकी कंपनियों के निवेश को बढ़ावा देने की दिशा में मिलकर काम करेंगे। छत्तीसगढ़ वैश्विक निवेशकों के लिए एक महत्वपूर्ण डेस्टिनेशन बन सकता है। मुख्यमंत्री ने श्री गार्सेटी से कहा कि सभी निवेशकों का छत्तीसगढ़ में स्वागत है और उनके लिए सभी जरूरी सुविधाएं देने का काम सरकार करेगी।

**राजदूत श्री गार्सेटी ने कहा- परिवार के साथ आऊंगा बस्तर :** मुख्यमंत्री श्री साय ने बातचीत के बीच अमेरिकी राजदूत श्री एरिक गार्सेटी से कहा कि हमारा छत्तीसगढ़ एक सुंदर प्रदेश है। यहां प्रकृति की गोद में बसे मनोरम पर्यटन स्थल हैं। आप छत्तीसगढ़ आए है तो बस्तर जरूर घूमें। मुख्यमंत्री के आग्रह पर श्री गार्सेटी ने कहा कि मैं पूरे परिवार के साथ बस्तर जरूर घूमने आऊंगा। मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री श्री साय एवं राजदूत श्री गार्सेटी के बीच विभिन्न विषयों पर बात हुई। मुख्यमंत्री से राजदूत ने कई रोचक प्रश्न भी किए। मुख्यमंत्री श्री साय ने भी बड़ी सहजता से अपने सार्वजनिक व व्यक्तिगत जीवन से जुड़े विषयों पर बातचीत की। दोनों ने घर के सदस्यों के बारे में जानकारी ली, उनका हालचाल जाना।

## प्रधानमंत्री मोदी आज को कई रेल परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास करेंगे

**क्षेत्र में कनेक्टिविटी को और बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में, प्रधानमंत्री नए जम्मू रेलवे मंडल का उद्घाटन करेंगे**

**दिल्ली (विश्व परिवार)।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी 6 जनवरी को दोपहर 12:30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न रेल परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। क्षेत्र में कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने के लिए, प्रधानमंत्री नए जम्मू रेलवे मंडल का उद्घाटन करेंगे। वे तेलंगाना के चार्लापल्ली नया टर्मिनल स्टेशन का उद्घाटन करेंगे और ईस्ट कोस्ट रेलवे के रायगड़ा रेलवे मंडल भवन की आधारशिला रखेंगे।

742.1 किलोमीटर वाले जम्मू रेलवे मंडल का निर्माण, जिसमें पठानकोट- जम्मू - उधमपुर-श्रीनगर- बारामूला, भोगपुर सिरवाल-पठानकोट, बटाला-पठानकोट और पठानकोट से जोगिंदर नगर खंड शामिल हैं, जम्मू और कश्मीर और आसपास के क्षेत्रों को महत्वपूर्ण लाभ प्रदान करेगा। यह लोगों की लंबे समय से चली आ रही आकांक्षा को पूरा करेगा और भारत के अन्य हिस्सों से कनेक्टिविटी में सुधार करेगा। यह रोजगार के अवसर पैदा करेगा, बुनियादी ढांचे का विकास करेगा, पर्यटन को बढ़ावा देगा और क्षेत्र के समग्र सामाजिक-आर्थिक विकास को प्रोत्साहन देगा। तेलंगाना के मेडकल-मलकाजगिरी जिले में चार्लापल्ली नया टर्मिनल स्टेशन को लगभग 413 करोड़ रुपये की लागत से नए कोचिंग टर्मिनल के रूप में विकसित किया गया है। इसमें दूसरे प्रवेश द्वार की भी व्यवस्था की गई है। यह पर्यावरण-अनुकूल टर्मिनल, जिसमें अच्छी यात्री सुविधाएं हैं, शहर के मौजूदा कोचिंग टर्मिनलों जैसे सिकंदराबाद, हैदराबाद और काचीगुड़ा पर भीड़भाड़ को कम करेगा। प्रधानमंत्री ईस्ट कोस्ट रेलवे के रायगड़ा रेलवे मंडल भवन की आधारशिला रखेंगे। यह ओडिशा, आंध्र प्रदेश और आसपास के क्षेत्रों में कनेक्टिविटी में सुधार करेगा और क्षेत्र के समग्र सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देगा।

## वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह द्वारा रायपुर के पुलिस अधिकारियों की ली गई बैठक



**रायपुर (विश्व परिवार)।** आज दिनांक 05 जनवरी 2025 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय डॉ. लाल उमेद सिंह द्वारा सिविल लाईन स्थित सी-4 भवन के सभाकक्ष में रायपुर जिले के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों की बैठक ली गई।

बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा चाकूबाजों, गुण्डा/ बदमाशों, असामाजिक तत्वों एवं पुराने अपराधियों के विरुद्ध समय - समय पर विशेष अभियान चलाकर उन्हे थानों में तलब कर उनकी परेड लेने व कठोर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। विजिबल पुलिसिंग पर जोर देते हुये समस्त थाना प्रभारियों को प्रत्येक दिन संध्या के समय अपने थानों के अधिक से अधिक बल के साथ डण्डा के साथ क्षेत्र में भ्रमण करने तथा संदिग्ध की चेकिंग के निर्देश दिये गये।

एक वर्ष से लंबित पुराने अपराधों का निकाल प्राथमिकता के आधार पर करते हुये जीरो करने कहा गया। महिलाओं से सम्बंधित तथा साइबर सम्बन्धी शिकायतों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश देने के साथ ही नशे के पदार्थो के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने तथा किसी भी सूरत में किसी प्रकार का कोई भी नशे का सामान नहीं बिकने के सख्त निर्देश देने के साथ ही नशे के सामग्रियों को पकड़ने के दौरान उसके अंतिम सप्लाई चैन व आरोपियों की तस्दीक करने कहा गया। नशे के विरूद्ध और भी प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। अवैध रूप से शराब की बिक्री/ भण्डारण/ परिवहन करने वालों पर कार्यवाही कर इस पर पूर्णतः अंकुश लगाने कहा गया। थानों में दर्ज प्रकरणों में दीगर राज्यों के आरोपियों को संयुक्त टीमें बनाकर दीगर राज्यों से गिरफ्तार करने कहा गया द्य इसके साथ ही ऑपरेशन मुस्कान के तहत गुम हुए अधिक से अधिक बालक/बालिकाओं को माह के अंत तक दस्तयाब करने निर्देशित किया गया। साथ ही व्ही.आई.पी./ कानून व्यवस्था ड्यिूटी एवं धरना प्रदर्शन पर बेहतर कार्य कर शांति पूर्ण तरीके से व्ही.आई.पी./कानून व्यवस्था ड्यिूटी एवं धरना प्रदर्शन को संपादित करने भी कहा गया।

## महाकुम्भ-2025 : अद्भुत कलाकृतियों से सजे प्रयागराज के रेलवे स्टेशन





**प्रयागराज (विश्व परिवार)।** महाकुम्भ 2025 की भव्य तैयारियों के अंतर्गत भारतीय रेलवे ने प्रयागराज की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक छवि को निखारने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। 'पेंट माई सिटी' अभियान के तहत प्रयागराज के सभी रेलवे स्टेशनों, जैसे प्रयागराज जंक्शन, नैनी जंक्शन, फाफामऊ, प्रयाग जंक्शन, झूंसी रेलवे स्टेशन, रामबाग रेलवे स्टेशन, छिवकी रेलवे स्टेशन, प्रयागराज संगम रेलवे स्टेशन और सूबेदारगंज रेलवे स्टेशन, को कला और संस्कृति के अद्भुत केंद्रों में परिवर्तित कर दिया गया है।

इन स्टेशनों की दीवारों पर हिंदू पौराणिक कथाओं और भारतीय परंपराओं को चित्रित करने वाले भव्य और आकर्षक कलाकृतियां बनाई गई हैं। रामायण, कृष्ण लीला, भगवान बुद्ध, शिव भक्ति, गंगा आरती और महिला सशक्तिकरण जैसे विषयों पर आधारित ये कलाकृतियां श्रद्धालुओं और पर्यटकों को प्रयागराज की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरोहर से परिचित कराती हैं।

रेलवे की यह पहल केवल सौंदर्यीकरण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रयागराज की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक परंपराओं को भी दर्शाती है। इन कलाकृतियां में ऋषि परंपरा, गुरु-शिष्य परंपरा, ज्ञान और त्याग के महत्व को दिखाया गया है, जो प्रयागराज के आध्यात्मिक स्वरूप को और भी उजागर करते हैं। ये कलाकृतियाँ महाकुम्भ 2025 के लिए आने वाले लाखों श्रद्धालुओं और पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं।

भारतीय रेलवे का यह प्रयास कला और विकास का संगम प्रस्तुत करता है। यह पहल यह सुनिश्चित करती है कि महाकुम्भ 2025 में प्रयागराज आने वाले हर व्यक्ति को न केवल भव्य आयोजन का हिस्सा बनने का अवसर मिले, बल्कि वे इस शहर की गहराई और इसकी सांस्कृतिक जीवंतता को भी महसूस कर सकें।

## एनआईए ने झारखंड में नक्सलियों के ठिकानों पर मारे छापे, कई सामग्री जब्त

**रांची (आरएनएस)।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले में नौ स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया। यह कार्रवाई सीपीआई (माओवादी) से जुड़ी एक जांच के तहत की गई, जिसमें संदिग्ध आतंकवादियों और ओवर ग्राउंड वर्कर (ओजीडब्ल्यू) के ठिकानों पर छापे मारे गए। तलाशी के दौरान एनआईए टीमों ने कई आपत्तिजनक सामग्री जब्त की, जिनमें मोबाइल फोन, मेमोरी कार्ड, सिम कार्ड और अन्य सामग्री शामिल हैं। इसके अलावा, एक 20-लीटर प्लास्टिक केन में 10,50,000 रुपये नकद, एक वॉकी-टॉकी, सैमसंग टैबलेट, पावर बैंक, रेडियो सेट, लेवी वसूली रसीद, जिलेटिन की छड़ें और अन्य संदिग्ध सामान भी बरामद किए गए।

## बीजेपी ने 15 जिलों में की नए अध्यक्षों की घोषणा, रायपुर जिला शहर अध्यक्ष बने रमेश ठाकुर



**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने नए जिला अध्यक्षों की घोषणा करनी शुरू कर दी है. पार्टी के 'संगठन पर्व 2024' के तहत कई जिलों में नए अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है। इनमें रायपुर शहर के नए जिला अध्यक्ष रमेश ठाकुर और रायपुर ग्रामीण के अध्यक्ष श्याम नारंग बनाए गए हैं. इसकी घोषणा जिला चुनाव प्रभारी शिवरतन शर्मा ने की है। रायपुर के साथ-साथ बीजापुर, कांकेर, दुर्ग, रायगढ़ और सूरजपुर समेत 15 जिला अध्यक्षों की घोषणा की गई है। नगरीय निकाय चुनाव से पहले बीजेपी ने संगठन के सीनियर नेताओं को जिम्मेदारी सौंपी है। राज्य में इसी साल फरवरी महीने में नगरीय निकाय चुनाव प्रस्तावित हैं। मौजूदा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव के कैबिनेट में शामिल होने की अटकलें लगाई जा रही हैं। बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष की रेस में पांच प्रमुख दावेदार हैं। धरमलाल कौशिक, शिवरतन शर्मा, विक्रम उसेंडी, नारायण चंदेल और किरण सिंहदेव। बीजेपी में यह चर्चा है कि जातिगत समीकरण को ध्यान में रखते हुए बीजेपी इस बार किसी ओबीसी चेहरे को प्रदेश अध्यक्ष बना सकती है। इसके पीछे तर्क दिया जा रहा है कि छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय कैबिनेट में सभी वर्गों का संतुलन है। ऐसे में ओबीसी चेहरे पर दांव लगा सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### राज्य स्तरीय सदस्यता शिविर का आयोजन रायपुर के जिला सहकारी बैंक परिसर के सहकारी भवन में सफलता पूर्वक सम्पन्न



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ फिल्म लोककला एवं मिनी थिएटर सहकारी समिति मर्यादित- CFLMT के द्वारा दिनांक 5 जनवरी 2025 को राज्य स्तरीय सदस्यता शिविर का आयोजन रायपुर के जिला सहकारी बैंक परिसर के सहकारी भवन में सफलता पूर्वक आयोजित किया गया। सहकारी समिति के संस्थापक प्रदेश अध्यक्ष श्री अमित परगनिहा एवं छत्तीसगढ़ की सुप्रसिद्ध लोक गायिका अलका परगनिहा (चंद्राकर ) ने बताया कि पूरे प्रदेश के लोक कलाकारों एवं फिल्म कलाकारों ने गजब का उत्साह दिखाते हुए सैकड़ों की संख्या में सदस्यता ग्रहण किया। जिसमें बस्तर से मन्दरी सरगुजा से कर्मा, पूरे प्रदेश से नवधा रामायण समूह, लोक कलाकारों की टीम के साथ फिल्म निर्माण से जुड़े सभी कलाकार उपस्थित थे। इस सहकारी समिति द्वारा लोक कलाकारों एवं फिल्म कलाकारों के आर्थिक उन्नति के साथ ही छत्तीसगढ़ी भाषा बोली और संस्कृति के संरक्षण संवर्धन के कार्य किए जाएंगे। हजारों की संख्या में छत्तीसगढ़ फिल्म लोककला एवं मिनी थिएटर सहकारी समिति मर्यादित से कलाकारों के जुड़ने से यह छत्तीसगढ़ की एक सशक्त और कलाकारों का एक सबसे बड़ा संगठन का रूप ले रही है। **-अमित परगनिहा**

### तीये का उठावना एवं पगड़ी रस्म आज



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** अत्यंत दुःख से सूचित किया जाता है कि श्री नरेंद्र कुमार जैन अश्विनी नगर निवासी का दुखद निधन दिनांक 04 जनवरी 2025 शनिवार हो गया है। जिनके तीये का उठावना, पगड़ी रस्म एवं श्रद्धांजलि सभा दिनांक 06/01/2025 सोमवार प्रातः 10.00 बजे श्री दिगम्बर जैन धर्मशाला विद्यासागर हॉल. मालवीय रोड. रायपुर में रखा गया है। शोकाकुल परिवार- मनीष जैन (पुत्र) आदि जैन (सुपौत्र), सफल मेडिकल एवं समस्त परिजन।

### युवा पत्रकार मुकेश चंद्राकार को दी गई श्रद्धांजलि



**राजिम ( विश्व परिवार )।** बीजापुर (बस्तर) के युवा पत्रकार मुकेश चंद्राकर की निर्मम हत्या कर दी गई। इस घटना को लेकर चौतरफा विरोध देखा जा रहा है यह घटना पत्रकारों के लिए स्तब्ध करने वाली एवं बेहद दुखद घटना है। छत्तीसगढ़ समेत पूरे देश में पत्रकारिता हमेशा से चुनौतियों से भरी हुई है। लेकिन ताज़ा घटना ने बता दिया है कि एक भ्रष्ट व्यवस्था के ख़िलाफ़ आवाज़ उठाने की क़ीमत जान दे कर चुकानी होती है। वहीं राजिम नगर के सुंदरलाल शर्मा चौक में पत्रकारों ने दो मिनट का मौन रखकर मुकेश को श्रद्धांजलि दी। वहीं घटना को लेकर आक्रोश भी जताया है।


लोन लेने के लिए ITR बनवायें मात्र 500/- में
शेखर गुप्ता
ONLYTDS.COM
ITR GST
हमारे TAX Expert आपकी मदद हेतु तैयार है।
G.S.T. रिटर्न | Food Licence
इन्कम TAX फाईल | M.S.M.E. रजिस्ट्रेशन
TDS रिफंड | प्रोजेक्ट रिपोर्ट
IT नोटिस | डिजिटल सिग्नेचर
9300755544, 8878655544


## बड़ा मंदिर की पाठशाला के बच्चों ने गगरेल डैम में मनाया पिकनिक, समाज वरिष्ठों ने हरि झंडी दिखाकर बस को रवाना किया



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** श्री आदिनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर लघु तीर्थ में आज दिनांक 5 जनवरी 2024 को रविवार प्रातः 7 बजे को जिनालय में संचालित आदिनाथ विधा धार्मिक पाठशाला के बच्चों और शिक्षकों के लिए पिकनिक का आयोजन किया गया। जिसमें पाठशाला के बच्चों और उनके परिजनों को धमतरी स्थित गंगरेल डैम ले जाया गया। जहां पहुंच कर सभी ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किया।

ट्रस्ट कमेटी के उपाध्यक्ष श्रद्धेय जैन विक्की ने बताया कि जैन महिला एवं ट्रस्ट कमेटी द्वारा यह कार्यक्रम संचालित किया गया। इस कार्यक्रम में समाज के लोगों बच्चों ने उधान में लगे झूले और फूलों का आनंद लिया। बच्चों के लिए हाजी, चेयर गेम और क्विज कंपटीशन हुआ। पाठशाला की संयोजिका श्रीमती संध्या दिलीप जैन अपनी महिला मंडल के साथ उपस्थित थी।

इस अवसर पर श्रद्धेय जैन ने बताया कि पर कहा कि आदिनाथ विद्या धार्मिक पाठशाला में बच्चों को जैन धर्म के साथ-साथ भारतीय संस्कृति और अच्छे संस्कार की शिक्षा दी जाती है। उन्होंने कहा कि बीच-बीच में सांस्कृतिक कार्यक्रम से बच्चों का मानसिक विकास होता है। परन्तु आज के इस युग में धर्म के साथ मानसिक एवं शारीरिक क्रियाएं भी अत्यंत आवश्यक है जिससे बच्चों को आने वाले समय में धर्म के साथ साथ अच्छा स्वास्थ्य लाभ भी मिल सके। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ सदस्य के अलावा बच्चों के परिजन भी उपस्थित थे सभी ने मिलकर इस आयोजन को सफल बनाया।

**-प्रणीत जैन**

## स्वतंत्रता सेनानी पंडित लखन लाल मिश्र प्रतिमा का हुआ अनावरण

### विधानसभा अध्यक्ष श्री डॉ. रमन सिंह एवं उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, ससंद विजय बघेल, विधायक गजेंद्र यादव व विधयाक ललित चन्द्राकर हुए शामिल



**दुर्ग ( विश्व परिवार )।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत रविवार को त्याग और समर्पण के प्रतीक प्रख्यात स्वतंत्रता सेनानी पंडित लखनलाल मिश्र जी की प्रतिमा अनावरण स्थल सर्किट हाउस के करीब प्रतिमा अनावरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए विधानसभा अध्यक्ष श्री डॉ रमन सिंह।

कार्यक्रम के अवसर पर अति विशिष्ट अतिथि उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा,विशिष्ट अतिथि सांसद श्री विजय बघेल,विधायक श्री गजेंद्र यादव,विधायक श्री ललित चन्द्राकर,वार्ड पार्षद श्रीमती मीना सिंह ,प्रदेश अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संस्था,श्री मुरली मनोहर खण्डेलवाल सहित जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहें।

विधानसभा अध्यक्ष श्री डॉ रमन सिंह के करकमलों द्वारा अतिथियो के बीच स्वतंत्रता सेनानी पंडित लखन लाल मिश्र प्रतिमा का अनावरण किया गया। कार्यक्रम के अवसर पर संभाग आयुक्त श्री सत्यनाराण राठौर,आईजी श्री रामगोपाल गर्ग, कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी, निगम कमिश्नर श्री सुमित अग्रवाल, एसपी श्री जितेंद्र शुक्ला,कार्यपालन अभियंता श्री आरके जैन,भवन अधिकारी श्री गिरीश दीवान,संजय ठाकुर के अलावा जिला प्रशासन व निगम प्रशासन अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।स्वतंत्रता सेनानी लखन लाल मिश्र प्रतिमा आवरण में शामिल होने प्रदेश भर से लोग पहुँचे।स्वतंत्रता सेनानी के जीवन पर किताब का विमोचन भी किया गया।

बात दे कि 16 मार्च 1984 को पंडित मिश्र ने अपनी जन्मभूमि मुरा में अंतिम साँस लीं।आने वाली पीढ़ियों के लिए वे प्रेरणा बन गये। उनके जीवन से यह सीख मिलती है कि पद और परिस्थितियों से ऊपर उठकर, सच्ची राष्ट्रसेवा का मार्ग अपनाया जा सकता है। उनकी गाथा छत्तीसगढ़ और पूरे भारत के स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में सदैव अमर रहेगी।

## नियमित आरएचओ के ऑनलाइन वर्क नहीं करने पर सीएमएचओ के वेतन रोकने के आदेश को कोर्ट ने किया खारिज

### कलेक्टर के अनुमोदन पर सीएमएचओ ने किया था वेतन रोकने की कार्यवाही

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** नियमित नर्सिंग कर्मचारी ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक (R.H.O) द्वारा ऑनलाइन कार्य नही करने गौरेला पेंड्रा मरवाही के सीएमएचओ द्वारा वेतन रोकने की कार्यवाही को माननीय उच्च न्यायालय द्वारा गलत ठहराते हुए खारिज कर दिया गया है। ज्ञात हो की स्वास्थ्य विभाग में छ ग स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ द्वारा सेवाओं को ऑनलाइन डाटा एंट्री का कार्य क्लिनिकल/ नर्सिंग कर्मचारियों द्वारा कराए जाने पर नियुक्ति संबंधी सेवा शर्तों के विपरित कार्य लिए जाने के कारण पूरे प्रदेश में दिनांक 07.10.2024 एवं दिनांक 22.10.2024 को ज्ञापन सौंपकर ऑनलाइन कार्य बंद करने और अपने मूल कार्य संपादित करने की जानकारी शासन प्रशासन एवं विभाग को दिया गया है।

उसके बाद भी कई जिलों के सीएमएचओ द्वारा दबावपूर्वक ऑनलाइन कार्य करने संबंधी आदेश जारी करना और वेतन रोकने संबंधी आदेश जारी किया जा रहा है। ऐसे में संघ के प्रदेश अध्यक्ष टारजन गुप्ता एवं प्रदेश सचिव प्रवीण ढीडवंशी ने कहा की ऑनलाइन डाटा एंट्री कार्य विशेष प्रकार के वेबसाइट और विशेष मोबाइल एप में करना होता है जिसके लिए तकनीकी कम्प्यूटर प्रशिक्षण आवश्यक है, एवं नियुक्ति संबंधी सेवा शर्तों में तकनीकी कंप्यूटर ज्ञान शामिल नही है, एवं RHO संवर्ग स्वास्थ्य एवं क्लिनिकल कार्यों के लिए प्रशिक्षित है, प्रशिक्षण के आधार पर सभी कर्मचारी अपने मूल कार्य कर रहे है। संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष हरीश जायसवाल एवं प्रवक्ता सुरेश पटेल ने कहा की पूर्व में विभाग द्वारा ऑनलाइन कार्य हेतु जेएसए/पीएडीए की नियुक्ति की गई है, उसके बाद भी यह कार्य स्वास्थ्य सेवा देने वाले कर्मचारियों से लिया जा रहा है, जिसमे कर्मचारियों द्वारा असमर्थता प्रकट करते हुए ऑनलाइन कार्य बंद कर मूल कार्य किया जा रहा है।

उसके बाद भी जीपीएम सीएमएचओ द्वारा आयुष्मान कार्ड संबंधी कार्य अपूर्ण होने के कारण कुछ कर्मचारियों के वेतन भुगतान पर रोक लगाने संबंधी आदेश जारी किया गया था, उक्त आदेश के विरोध में सबंधित कर्मचारियों द्वारा उच्च न्यायालय में याचिका दायर किया गया, जिसमे माननीय उच्च न्यायालय द्वारा वेतन रोकने संबंधी आदेश को गलत ठहराते हुए आदेश खारिज कर वेतन भुगतान के आदेश दिए है।

संघ के आई टी सेल प्रभारी संतलाल साहू ने कहा की यदि विभाग द्वारा ऑनलाइन डाटा एंट्री ऑपरेटर की कमी है तो उनकी भर्ती की जानी चाहिए इस तरह से अन्य संवर्ग का कार्य कराने से आम जनता को मिलने वाली स्वास्थ्य सेवाए प्रभावित हो रही है। विभाग में रिक्त पदों की भर्ती के लिए आवश्यक कदम उठाए जाने की आवश्यकता है।

संघ के प्रतिनिधियों द्वारा यह कहा गया है की यदि विभाग के अधिकारी इस तरह से दमनात्मक आदेश जारी करते है तो संघ द्वारा उग्र आंदोलन, घेराव, मानवाधिकार आयोग एवं माननीय उच्च न्यायलय का रास्ता अपनाया जाएगा।

## नक्षत्र स्कूल के वार्षिक समारोह में झूमें नन्हें कदम




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** नक्षत्र स्कूल द्वारा आयोजित वार्षिक समारोह अग्रवाल भवन, पुरानी बस्ती, रायपुर में भव्य तरीके से मनाया गया। इस अवसर पर प्रमुख अतिथि इवान स्मिथ प्रिन्सिपल ऑफ कोलम्बिया ग्लोबल स्कूल, डॉ अमित अग्रवाल छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज के अध्यक्ष, आनंद श्रीवास्तव प्रिन्सिपल ऑफ साइंस एंड कॉमर्स कोलम्बिया कॉलेज, टेकारी मौजूद रहे।

समारोह की शुरुआत में अतिथि द्वारा सरस्वती वंदना कर दीप प्रज्वलित किया गया। उन्होने अपने भाषण में नक्षत्र स्कूल की सराहना करते हुए स्कूल के नन्हें बच्चों के नृत्य की सराहना की बच्चों द्वारा आलू कचालू, स्कूल चले हम, घर मोरे परदेसी, डिस्को डान्सर, फिर भी दिल है हिन्दुस्तानी, हवा हवाई, बम बम बोले, मैं तो लूट गया जैसे विविध गानों पर नृत्य किया गया द्य इस दौरान वहा उपस्थित अतिथी और अभिभावकों ने तालिया बजाकर बच्चो का उत्साह बढ़ायाद्य मुख्य अतिथि इवान स्मिथ, आनंद श्रीवास्तव, डॉ अमित अग्रवाल, नक्षत्र स्कूल के संचालक डॉ. अरुण कुमार दुबे, डॉ. आभा दुबे, डॉ. दिव्या पांडेय और माधुरी दुबे द्वारा सभी प्रतिभाशाली बच्चों की सराहना करते हुए उन्हें विविध श्रेणी बेस्ट इन स्पोर्ट्स, बेस्ट इन ओरल, बेस्ट इन राइटिंग, बेस्ट इन गुड मैनर्स, मल्टी टैलेंटेड, बेस्ट इन अटेंडेंस के लिए ट्रॉफी और प्रमाणपत्र प्रदान किया द्य स्कूल की प्राचार्या श्वेता राठौर और शिक्षिकाएं रोशनी शर्मा और हर्षिका चौहान ने इस आयोजन को सफल बनाने में अपना योगदान प्रदान किया। इस समारोह में छात्रों, अभिभावकों, और आमंत्रित मेहमानों ने बड़ी संख्या मे भाग लिया। सभी ने कार्यक्रम का लुत्फ उठाया और प्रतिभागियों की सराहना की।

## प्राचार्य मिशन 40 डेज की गतिविधियों का विद्यालयों में शत्-प्रतिशत करें क्रियान्वयन : कलेक्टर व्यास

### यशस्वी जशपुर कार्यक्रम के तहत् प्राचार्यों, बीईओ और एबीईओ की हुई समीक्षा बैठक




**जशपुरनगर ( विश्व परिवार )।** यशस्वी जशपुर कार्यक्रम के तहत् कलेक्टर रोहित व्यास ने शुक्रवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में जिले के प्राचार्यो, बीईओ और एबीईओ की समीक्षा बैठक ली। सीईओ जिला पंचायत अभिषेक कुमार और डिप्टी कलेक्टर प्रशांत कुशवाहा भी समीक्षा बैठक में उपस्थित रहे।

कलेक्टर रोहित व्यास ने कक्षा 10वीं एवं 12वीं के छमाही परीक्षा परिणाम की समीक्षा की। शिक्षक विद्यार्थियों के रोल मॉडल होते हैं इसलिए उसके अनुरूप ही विद्यालय में शिक्षक का व्यवहार होना चाहिए। आगामी बोर्ड परीक्षा के दृष्टिगत मिशन 40 डेज की गतिविधियों को निर्धारित समय पर पूर्ण करने के साथ प्रत्येक दिन उसका फीडबैक गूगल लिंक के माध्यम से देने का निर्देश उन्होंने दिया। इस सीईओ अभिषेक कुमार ने गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया और साथ ही विद्यार्थियों की उपस्थिति बढ़ाने और परीक्षा परिणाम बेहतर करने के प्रयासों की जानकारी ली।

शिक्षा विभाग के प्रभारी अधिकारी डिप्टी कलेक्टर प्रशांत कुशवाहा ने मिशन 40 डेज के प्रतिदिन के वीडियो क्लिपिंग शेयर करने का निर्देश विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को दिया।

जिला शिक्षा अधिकारी पीके भटनागर ने बोर्ड परीक्षा की तैयारी के साथ अन्य विभागीय कार्यों की जानकारी भी ली। इस अवसर पर यशस्वी जशपुर के सदस्य संजीव शर्मा, अवनीश पांडेय उपस्थित थे।


कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-5)
ईदगाहभाठा,नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com

पत्र क्रं./17247/न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2025
रायपुर दिनांक : 05-01-2025

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 17247
वार्ड का नाम-42-पं. सुन्दरलाल शर्मा वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 42 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- RPR566C0001C जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती BIRAM BAI DEWANGAN पिता/पति, श्री/श्रीमती LATE. RUPRAM DEWANGAN के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती BALRAM DEWANGAN पिता/पति, श्री/श्रीमती LATE. RUPRAM DEWANGAN ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रं. - 5
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-5)
ईदगाहभाठा,नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com

पत्र क्रं./17245/न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2025
रायपुर दिनांक : 05-01-2025

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 17245
वार्ड का नाम-42-पं. सुन्दरलाल शर्मा वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 42 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- RPR566C0001B जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती BIRAM BAI DEWANGAN पिता/पति, श्री/श्रीमती LATE. RUPRAM DEWANGAN के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती BHARAT DEWANGAN पिता/पति, श्री/श्रीमती LATE. RUPRAM DEWANGAN ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रं. - 5
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-5)
ईदगाहभाठा,नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com

पत्र क्रं./17243/न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2025
रायपुर दिनांक : 05-01-2025

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 17243
वार्ड का नाम-42-पं. सुन्दरलाल शर्मा वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 42 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- RPR566C0001A जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती BIRAM BAI DEWANGAN पिता/पति, श्री/श्रीमती RUPRAM DEWANGAN के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती BHOLARAM DEWANGAN पिता/पति, श्री/श्रीमती LATE. RUPRAM DEWANGAN ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रं. - 5
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-5)
ईदगाहभाठा,नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com

पत्र क्रं./17249/न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2025
रायपुर दिनांक : 05-01-2025

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 17249
वार्ड का नाम-67-भक्तमाता कर्मा वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 67 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- RPR567K00137 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती NISHA PHUKE , AMIT PHUKE पिता/पति, श्री/श्रीमती AMIT PHUKE, , DADARAO PHUKE के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती SHWETA BIRMIWAL पिता/पति, श्री/श्रीमती ASHISH BIRMIWAL ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रं. - 5
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-5)
ईदगाहभाठा,नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com

पत्र क्रं./17252/न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2025
रायपुर दिनांक : 05-01-2025

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 17252
वार्ड का नाम-67-भक्तमाता कर्मा वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 67 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- RPR567K0371C जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती KISHOR KUMAR AGRAWAL HUF पिता/पति, श्री/श्रीमती LATE. RAMESHWAR LAL AGRAWAL के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती SUMANT PANDEY पिता/पति, श्री/श्रीमती PYARE LAL PANDEY ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रं. - 5
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-5)
ईदगाहभाठा,नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com

पत्र क्रं./17240/न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2025
रायपुर दिनांक : 05-01-2025

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 17240
वार्ड का नाम-42-पं. सुन्दरलाल शर्मा वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 42 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- RPR566C00001 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती BIRAM BAI DEWANGAN पिता/पति, श्री/श्रीमती RUPRAM DEWANGAN के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती KISHOR KUMAR DEWANGAN पिता/पति, श्री/श्रीमती LATE. RUPRAM DEWANGAN ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रं. - 5
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )


## मरार पटेल समाज दे रहे हैं आदर्श विवाह को बढ़ावा



### विवाहित जोड़े को दिया जाएगा सहयोग राशि के रूप में दस हजार रुपए

**महासमुंद ( विश्व परिवार )।** रविवार को ग्राम लाफिन कला में कोसरिया मरार पटेल नांदगांव राज की वार्षिक कार्यकारिणी बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सामाजिक संगठन, विकास पर चर्चा परिचर्चा करते हुए वर्तमान में बढ़ती खर्चीली विवाह परम्परा को कम करने समाज में आदर्श विवाह को बढ़ावा देने का निर्णय लिया गया। जिसके लिए समाज में ज्यादा से ज्यादा आदर्श विवाह करने प्रेरित व प्रोत्साहित किया जा रहा है। आदर्श विवाह को बढ़ावा देने नांदगांव राज द्वारा, राज में समाज में आदर्श विवाह करने वाले जोड़े को दुल्हा दुल्हन को वस्त्र, विवाह संबंधी आवश्यक सामग्रियां, पंडितों द्वारा वैवाहिक मंत्रोच्चार आदि की व्यवस्था सहित आर्थिक सहयोग के रूप में दस हजार रुपए भी प्रदान किया जाएगा। जिससे कि समाज में अधिक से अधिक लोग आदर्श विवाह के लिए प्रोत्साहित हो सके।मरार पटेल समाज नांदगांव राज द्वारा इस पहल को काफी सराहा जा रहा है। बैठक में नांदगांव राज के समस्त पदाधिकारियों सहित रायपुर राज,खल्लारी राज, भिलाई राज के पदाधिकारियों व सामाजिक जनों की उपस्थिति व सहभागिता रही। वहीं बैठक के आयोजन, संयोजन,व्यवस्थापन में विशेष भूमिका ग्राम लाफिन कला के मरार समाज के युवाओं, महिलाओं व सामाजिक जनों की रही।इस मौके पर बड़ी संख्या में मरार समाज के लोगों की उपस्थिति रही।

# शासकीय योजनाओं से जुड़कर उठाए लाभ : विधायक राठिया

**चिर्रा में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का हुआ आयोजन**

**ग्रामीणों को विभिन्न विभागों की योजनाओं से किया गया लाभान्वित**

**जंगलों की सुरक्षा भी हमारा दायित्व, पात्र व्यक्ति पात्रता के आधार पर पट्टा के लिए करें आवेदनः कलेक्टर**

**क्षेत्रवासियों से अपने बच्चों के बेहतर भविष्य पर ध्यान देने का किया आग्रह**



**कोरबा(विश्व परिवार)।** कोरबा विकासखंड के सुदूरवर्ती ग्राम पंचायत चिर्रा में विधायक रामपुर श्री फूल सिंह राठिया एवं कलेक्टर श्री अजीत वसंत की उपस्थिति में जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया।इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष कोरबा श्रीमती हरेश कंवर, जिला पंचायत सीईओ श्री दिनेश नाग,एसडीएम कोरबा श्री सरोज महिलांगे, जनपद सीईओ श्रीमती कौशम्बी गबेल, सरपंच चिर्रा श्रीमती नीलाबाईसहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। विधायक, कलेक्टर सहित अन्य जनप्रतिनिधियों का स्कूली विद्यार्थियों द्वारा पारंपरिक लोकनृत्य एवं स्वागत गीत के माध्यम से स्वागत किया। शिविर में क्षेत्र के ग्रामीणों ने अपनी मांगों को आवेदन के माध्यम से रखा। इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल के माध्यम से आमजनो को शासन की योजनाओं की जानकारी देते हुए उन्हें लाभान्वित किया गया। कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने आमजनो से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना एवं संबंधित अधिकारियों को ग्रामीणों के आवेदन पर की जाने वाली कार्यवाही से अवगत कराने के निर्देश दिए। शिविर को संबोधित करते हुए विधायक रामपुर श्री राठिया ने कहा कि ग्रामीणों की शिकायतों का निराकरण एवं उन्हें सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए चिर्रा में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया है। उन्होंने ग्रामीणों को शिविर में अपनी समस्याओं का निराकरण कराने एवं शासकीय योजनाओं की जानकारी लेकर लाभांवित होने का आग्रह किया। विधायक श्री राठिया ने ग्रामीणों को ग्राम सभा की बैठक में शामिल होकर योजनाओं का लाभ लेने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि पात्रतानुसार आप सभी की मांगों का निराकरण किया जाएगा। उन्होंने लोगो को किसी भी प्रकार के प्रलोभन, लालच या किसी के बहकावे में नही आने की अपील की। साथ ही क्षेत्रवासियों से अपने बच्चों को पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने की बात कही। जिससे वे आगे चलकर क्षेत्र का नाम रौशन करें। इसी प्रकार बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान को सफल बनाने एवं क्षेत्र में अवैध शराब निर्माण व विक्रय पर रोक लगाने का आग्रह किया। कलेक्टर ने मैदानी अमले के अधिकारियों को मुख्यालय में रहकर आमजनो की समस्याओं को निराकरण करने के दिए निर्देश शिविर में कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मंशानुसार ग्रामीणों की समस्या को दूर करने हेतु सुदूर क्षेत्र में शिविर का आयोजन किया गया है। क्षेत्रवासियों की आवागमन की सुविधा हेतु चिर्रा - श्यांग सड़क मार्ग हेतु 10 करोड़ एवं अमलडीहा मालीकछार सड़क मार्ग निर्माण हेतु 4 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसका निविदा प्रक्रियाधीन है। निविदा कार्यवाही पूर्ण होते ही सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ हो जाएगा।

## रामसेवक पैकरा की अध्यक्षता में मां बागेश्वरी लोक न्यास ट्रस्ट कुदरगढ़ की बैठक संपन्न

**गोपाल सिंह विद्रोही**



**सूरजपुर ब्यूरो (दैनिक विश्व परिवार)** आज मां बागेश्वरी लोक न्यास ट्रस्ट कुदरगढ़ की बैठक श्री रामसेवक पैकरा की अध्यक्षता में की गई। इस बैठक में मंदिर परिसर के विकास एवं श्रद्धालुओं के लिए विभिन्न प्रकार की सुविधा विकसित करने की कार्ययोजना पर चर्चा की गई। साथ ही नवरात्रि मेला के अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए सभी बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करते हुए विशेष व्यवस्था करने पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर कलेक्टर श्री एस जयवर्धन, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू, एस डी एम भैयाथान, ईई जलसंसाधन, ईई पी एच ई, ईई पी डब्लू डी, जनपद सीईओ ओडगी, पुलिस एवं वन विभाग के अधिकारी, भीमसेन अग्रवाल ,श्री ठाकुर रजवाड़े,मेला अध्यक्ष भुवन प्रताप सिंह, अखिलेश प्रतापसिंह, शांतनु प्रताप सिंह, अजय तिवारी ट्रस्ट के आजीवन सदस्य सहित अन्य सदस्य एवं जिला प्रशासन के कर्मचारी उपस्थित थे।

बैठक के दौरान विभिन्न विभागों से परिसर के विकास को लेकर चर्चा की गई। इस बैठक के दौरान पी डब्लू डी विभाग द्वारा मंदिर परिसर में की जा रही रेस्ट हाउस निर्माण, सड़क निर्माण की प्रगति की जानकारी दी। पी एच ई विभाग से मंदिर परिसर में ओवरहेड टैंक निर्माण, सोलर अधोसंरचना के विकास, पेय जल आपूर्ति आदि को लेकर कार्ययोजना पर चर्चा की गई। इसके अलावा मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए सामुदायिक शौचालय निर्माण, गाड़ी पार्किंग, नियंत्रित यातायात व्यवस्था, भवनों का मेंटनेंस, सीढ़ियों का निर्माण, जीर्णोद्धार, शेड निर्माण, परिसर में बिजली सुविधा का विकास, स्ट्रीट लाइट, परिसर का सौंदर्यकरण, वृक्षारोपण, धर्मशाला निर्माण, खानपान सुविधा को बेहतर करने, साफसफाई और कचरा निपटान, तालाब गहरीकरण एवं सौंदर्यकरण को लेकर कार्ययोजना पर चर्चा कर शीघ्रातिशीघ्र विकास कार्य को मूर्तरूप देने पर विचार किया गया।

इस दौरान ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री पैकरा और कलेक्टर श्री जयवर्धन सहित अधिकारी एवं कर्मचारी ने विकास कार्य हेतु मंदिर परिसर के विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## केनापारा में सामुहिक श्रमदान कर मनाया रविवार



**केशवनगर निर्माणाधीन फीकल स्लेज प्रबंधन केंद्र का कलेक्टर ने किया निरीक्षण**

**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )-** राष्ट्रीय राजमार्ग 43 पर स्थित एसईसीएल बिश्रामपुर की बंद हो चुकी केनापारा कोयला खदान को एसईसीएल ने शासन व प्रशासन के सहयोग से पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया था ।स्वच्छ भारत व स्वच्छ सूरजपुर की ओर कदम बढ़ाते हुए आज केनापारा पर्यटन स्थल के फिश पॉइंट व वहां के अन्य स्थल पर कलेक्टर एस.जयवर्धन, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू,एसडीओ आरईएस, प्रोजेक्ट ऑफिसर मनरेगा, जनपद सीईओ, समूह की दीदियां,ग्रामीण जन, पंच, सरपंच व अन्य अधिकारी - कर्मचारियों की उपस्थिति में श्रमदान कर स्थल को स्वच्छ व सुंदर बनाये जाने का प्रयास किया। उपस्थित जनों के बीच कचरे और इसके प्रबंधन के प्रति जिम्मेदारी की भावना पैदा करने के लिए आवश्यक चर्चा भी की गई।

इसके साथ ही कलेक्टर द्वारा ग्राम पंचायत केसवनागर में निर्माणाधीन फीकल स्लेज प्रबंधन केंद्र का निरीक्षण किया गया ।जिसके जल्द क्रियान्वन हेतु उपस्थित संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए।

## मॉडिफाई साइलेंसर लगाने वाले बुलेट चालकों के खिलाफ पुलिस ने चलाई अभियान

**कबीरधाम(विश्व परिवार)।** कबीरधाम पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन और सड़क सुरक्षा को खतरे में डालने वाले बुलेट चालकों के खिलाफसख्त कार्रवाई की है। पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर मॉडिफाई साइलेंसर का उपयोग करने वाले 06 बुलेट चालकों पर कार्रवाई की। ये वाहन चालक तेज रफ्तार में वाहन चलाते हुए पटाखों जैसी आवाज निकाल रहे थे, जिससे सड़क सुरक्षा पर खतरा उत्पन्न हो रहा था। पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल और पंकज पटेल के मार्गदर्शन में डीएसपी कृष्ण कुमार चंद्राकर, प्रशिक्षु डीएसपी सिद्धार्थ सिंह और थाना कोतवाली प्रभारी लालजी सिन्हा ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान संबंधित चालकों से जुर्माना वसूला गया और उनके मॉडिफाई साइलेंसर हटवाकर सामान्य साइलेंसर लगाए गए। पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने नागरिकों से अपील की है कि मॉडिफाई साइलेंसर का उपयोग न केवल यातायात नियमों का उल्लंघन है, बल्कि यह दूसरों की सुरक्षा और शांति को भी भंग करता है। उन्होंने सभी वाहन चालकों से अनुरोध किया कि वे कंपनी द्वारा प्रदत्त वैध साइलेंसर का उपयोग करें और यातायात नियमों का पालन करें। कबीरधाम पुलिस ने स्पष्ट किया कि यातायात सुरक्षा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता पूरी तरह मजबूत है और इस प्रकार की गतिविधियों में लिप्त पाए जाने वालों के खिलाफसख्त कार्रवाई जारी रखी जाएगी। यातायात सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस ने ड्रिंक एंड ड्राइव, तेज रफ्तार वाहन और बिना रेडियम वाले वाहनों के खिलाफभी कार्रवाई की है।

## विद्यालय में अतिरिक्त कमरा एवं ट्यूवेल लगाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

**गोपाल सिंह विद्रोही**



**बिश्रामपुर ( दैनिक अमर स्तंभ न्यूज )-**ग्राम पंचायत अजब नगर के शासकीय उच्चतम माध्यमिक विद्यालय ,शासकीय प्राथमिक शाला अजब नगर,के विद्यालय र में ट्यूबेल खनन एवं शासकीय प्राथमिक शाला अजब नगर में अतिरिक्त कैमरा निर्माण कराए जाने हेतु कलेक्टर को ज्ञापन सोपा।

सौंपा ज्ञापन में उल्लेख है कि अजब नगर में विद्यालय 1 से लेकर 12वीं तक संचालित होती है लेकिन विद्यालय परिसर में एक ही ट्यूबवेल थे लेकिन तीन माह पहले ट्यूबवेल दब गया है।ट्यूबवेल दब जाने से पानी पीने की कोई व्यवस्था नहीं है परिसर में मात्र एक हैंडपंप है उसमें भी कार्बन युक्त लाल पानी निकलता है विद्यालय में 250 से भी अधिक बालक एवं बालिकाएं पढ़ने आते हैं फिलहाल सभी विद्यार्थी हैंडपंप का कार्बन युक्त लाल पानी पीने के लिए मजबूर है कार्बन युक्त पानी पीने से विद्यार्थी बीमार हो सकता है ,और शासकीय प्राथमिक शाला अजब नगर, विद्यालय, 15 वर्षों से टूटा फूटा पड़ा हुआ कमरा में संचालित हो रहे हैं जिससे बच्चों को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है अगर बरसात से पहले कोई कमरा का निर्माण नहीं होगी तो बच्चों को विद्यालय में बैठने की कोई व्यवस्था नहीं होगी ,पुराने विद्यालय से पानी टपकता है पूरे दीवार फट गए हैं कभी भी अनहोनी हो सकती है कलेक्टर से मिलकर मामले की गंभीरता को देखते हुए जल्द से जल्द पहल करने की मांग की गई, आवेदन देने में साला विकास एवं प्रबंधक समिति अध्यक्ष संदीप सरकार ,युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष पवन बर्मन ,तारक सरदार ,राधा बाला अन्य उपस्थित थे

## मुरली मनोहर सोनी भारतीय जनता पार्टी सूरजपुर जिला के नए अध्यक्ष बने कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत पूर्व अध्यक्ष बाबूलाल गोयल को दी भावभीनी विदाई

**सूरजपुर ब्यूरो( दैनिक विश्व परिवार )-** जिला भाजपा कार्यालय में नवनियुक्त जिलाध्यक्ष के रूप में मुरली मनोहर सोनी के नाम की घोषणा हुई। इस अवसर पर चुनाव अधिकारी श्रीमती चम्पादेवी पावले सहित जिले के समस्त भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

बतौर जिलाध्यक्ष सफल कार्यकाल पूर्ण करने पर बाबूलाल अग्रवाल को हार्दिक बधाई एवं आभार कार्यकर्ताओं ने व्यक्त किया पूर्व जिला अध्यक्ष एवं वर्तमान नेता अध्यक्ष को कार्यकर्ताओं ने उसे पहाड़ से आत्मीय स्वागत किया। नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष मुरलीमनोहर सोनी को इस नई जिम्मेदारी के लिए महिला बाल





विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े सहित जिले के समस्त वरिष्ठ एवं कनिष्ठ भाजपा कार्यक्रम हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

## संक्षिप्त समाचार

### सी बी सी मशीन खराब होने से एक वर्ष से रक्त जांच बंद ग्रामीणों ने जीवनदीप समिति की बैठक बुलाने का मांग की



**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )** विकासखंड सूरजपुर के ग्राम पंचायत अजब नगर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अजब नगर में एक वर्ष से खराब ब्लड जांच करने वाली सीबीसी मशीन सुधार करने जीवनदीप समिति की बैठक करने की मांग ग्रामीणों ने की है। ग्रामीण बताते हैं कि ग्राम पंचायत अजब नगर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में करीब प्रत्येक दिन सैकड़ो मरिज आसपास के 12 ,15 पंचायत से स्वास्थ्य लाभ लेने आते हैं। स्वास्थ्य केंद्र में प्रत्येक दिन डिलीवरी से लेकर छोटी-मोटी ऑपरेशन तक होती है मलेरिया और टाइफाइड की मरीज भी बहुत ज्यादा आते हैं लेकिन एक वर्ष से सीबीसी मशीन खराब होने से सभी मरीजों को बहुत परेशानीहो रही है आज तक सुधार नहीं हो पाया और 10,11 माह से जीवनदीप समिति की भी बैठक नहीं हो पाई है जिससे छोटे-मोटे परेशानियों का निराकरण नहीं हो पा रहा है ।ग्राम वासियों ने कलेक्टर से मिलकर तत्काल निराकरण करने की मांग की गई है । ग्रामीणों ने ज्ञापन देने भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष देव धन राम बिनझिया भाजपा मंडल महामंत्री संदीप सरकार, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष पवन बर्मन गोकुल चौधरी राधा बाला अन्य ग्रामीण शामिल थे ।

### डूमरडीह में युवक की निर्मम हत्या, पुलिस जुटी जांच में

**कोरबा(विश्व परिवार)।** ढेंगुरडीह गांव में हत्या की एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। गांव में रहने वाले रामकुमार राठिया की अज्ञात व्यक्ति ने हत्या कर दी। रामकुमार की लाश सडक पर रक्तरंजित अवस्था में पाया गया है। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। घटना में हत्या का अपराध दर्ज कर लिया गया है। अज्ञात हत्यारों की पतासाजी का काम पुलिस कर रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार बालकोनगर थाना के रजगमार चैकी अंतर्गत ढेंगुरडीह गांव में बीती रात उस वक्त सनसनी फैल गई जब गांव में ही रहने वाले एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई। गले पर धारदार हथियार से वार कर अज्ञात व्यक्ति ने उसकी जान ले ली। हत्या की सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ मौके पर एकत्रित हो गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल में जुट गई। मृतक की पहचान रामकुमार राठिया के रुप में की गई है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मृतक के परिजनों से पूछताछ शुरू की। पता चला है कि मृतक रामकुमार की शादी को 22 साल हो चुके हैं और वह मजदूरी करता था,उसकी पत्नी अंगूरी बाई ने किसी दूसरे के साथ भाग कर शादी कर ली। उसका एक लडका है जो अपने पिता के साथ रहता है। शुक्रवार की शाम मृतक घर के पास सडक किनारे घूम रहा था । कुछ देर बाद उसकी रक्तरंजिश हालत में लाश मिली। घटना कब कैसे और किन परिस्थितियों में घटित हुई है यह आसपास के किसी भी व्यक्ति को पता नहीं है। मामले में पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफअपराध कायम कर लिया है। मर्ग पंचनामा की कार्रवाई पूरी कर लाश को पीएम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने दावा किया है,कि हत्या के आरोपी जल्द पुलिस की पकड़ में होंगे।

### उत्कृष्ट-प्रशंसनीय कार्य करने वाले 2 आरक्षक सम्मानित

**बलौदाबाजार-भाटापारा(विश्व परिवार)।** आज दिनांक 03.01.2024 को रात्रि 03:00 बजे लगभग ग्राम बरपाली के पास एक स्वराज माजदा मेटाडोर 407 वाहन 7825 दुर्घटनाग्रस्त होकर अनियंत्रित होते हुए रोड किनारे एक मकान में घुस गया। उक्त मकान बड़े एवं भारी पत्थरों से बना हुआ था, जिसमें उक्त मकान का भारी पत्थर मेटाडोर वाहन के चालक केबिन में आकर गिर गया जिससे वाहन के अंदर बैठे चालक डिगरेथ निषाद उम्र 44 साल एवं उसका 14 वर्षीय पुत्र अंदर ही बुरी तरीके से फंस गए। सूचना पर थाना गिधौरी का पुलिस बल तत्काल घटना स्थल ग्राम बरपाली पहुंचा। घटना स्थल में वाहन चालक एवं उसका पुत्र दुर्घटनाग्रस्त वाहन के अंदर बहुत बुरी तरीके से फंसे थे। दोनों के लिए एक-एक पल बहुत ही कीमती था तथा किसी भी अनहोनी से बचने के लिए दोनों पिता-पुत्र को तत्काल बाहर निकालना अत्यंत आवश्यकता था। इस दौरान पुलिस टीम में शामिल आरक्षक सुजीत तम्बोली एवं अमीर राय की टीम द्वारा अत्यंत सूझबूझ एवं साहस का परिचय देते हुए तत्परतापूर्वक वजनी पत्थरों को हटाते हुए, मेटाडोर वाहन अंदर फंसे वाहन चालक को सुरक्षित बाहर निकाला गया।

# संपादकीय

## अश्विन मैच जिताऊ खिलाड़ी रहे है.......

रोहित शर्मा और खुद उनके बयानों से स्पष्ट है कि रविचंद्रन अश्विन खुद को उपेक्षित महसूस कर रहे थे। उन्हें लगने लगा था कि टीम प्रबंधन को उनकी जरूरत नहीं है। संभवतः संकेत यह था कि अब टीम में उनकी जगह पक्की नहीं है। कोई बड़ा खिलाड़ी किसी बड़ी टेस्ट श्रृंखला के बीच तुरंत रिटायर होने का एलान करे, तो उसे अवकाश लेने की सामान्य प्रक्रिया नहीं माना जा सकता। बड़े खिलाडियों की विदाई अक्सर नियोजित ढंग से और स-सम्मान होती है। इसलिए रविचंद्रन अश्विन ने जिस तरह भारत-ऑस्ट्रेलिया टेस्ट सीरिज के बीच तुरंत रिटायरमेंट का एलान किया, लाजिमी है कि उस पर कयास लगाए जाएंगे। इसे संकेत माना जाएगा कि भारतीय क्रिकेट के प्रशासन में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। अश्विन मैच जिताऊ खिलाड़ी रहे हैं। उनका रिकॉर्ड खुद बोलता है। भारत के पूरे क्रिकेट इतिहास में अनिल कुंबले (619) के बाद टेस्ट विकेट लेने के लिहाज से वे दूसरे नंबर पर (537) हैं। अपने छह टेस्ट शतकों के साथ दुनिया के टॉप स्पिनरों में बतौर बल्लेबाज वे पहले नंबर पर हैं। 13 साल तक चले टेस्ट करियर के दौरान 106 मैचों में उन्होंने 37 बार एक पारी में पांच और आठ बार मैच में दस विकेट उन्होंने लिए। भारत की अनुकूल पिचों पर उन्हें खेलना किसी विदेशी टीम के लिए बड़ी चुनौती बना रहा। अब कप्तान रोहित शर्मा और खुद अश्विन के बयानों से स्पष्ट है कि 38 वर्षीय अश्विन खुद को उपेक्षित महसूस कर रहे थे। उन्हें लगने लगा था कि टीम प्रबंधन को उनकी जरूरत नहीं है। इस सीरिज में अब तक हुए तीन मैचों में उन्हें सिर्फ एक में खेलाया गया। संभवतः संकेत यह था कि अगले दो मैचों में भी उनकी जगह पक्की नहीं है। ऐसे में यह मानने के बावजूद कि उनमें अभी धार बाकी है, उन्होंने तुरंत अवकाश लेने का एलान कर दिया। बड़े खिलाडियों को उनके नाम के आधार ढोया जाए, यह किसी का तर्क नहीं हो सकता। लेकिन खिलाडियों को गाइड करने और उन्हें सीधे उचित सलाह देने का सिस्टम जरूर मौजूद होना चाहिए। इसके लिए स्वस्थ संवाद की जरूरत है। लेकिन हालिया संकेत यही हैं कि भारतीय क्रिकेट संचालन में सीधा संवाद गायब है। विराट कोहली को जिस तरह कप्तानी से हटाया गया और उसके बाद से टीम का जैसा डगमग हाल है, उसके लिए सबसे बड़ी जिम्मेदारी शायद इसी पहलू की है।

# स्कूल शिक्षा और नो डिटेंशन पॉलिसी

**डा. वरिंदर भाटिया**

फेल होने की आशंका से छात्र पढ़ाई में अधिक गंभीरता दिखा सकते हैं। यह कदम शिक्षकों को भी छात्रों के प्रदर्शन में सुधार लाने के लिए प्रोत्साहित करेगा। दूसरी ओर ग्रामीण और वंचित क्षेत्रों के छात्रों के लिए यह नीति चुनौतीपूर्ण साबित हो सकती है। देहात में शिक्षा के संसाधनों की कमी और शिक्षकों की अनुपलब्धता इन छात्रों को पीछे छोड़ सकती है। छोटे बच्चों पर फेल होने का डर मानसिक तनाव बढ़ा सकता है। यूं भी परीक्षा का फोबिया सांप या फिर बब्बर शेर के फोबिया से कम नहीं होता। केवल वार्षिक परीक्षा के आधार पर छात्रों को पास-फेल करना शिक्षा का सही मापदंड नहीं है केंद्र सरकार ने स्कूल शिक्षा सुधारों की ओर बड़ा कदम उठाते हुए नो डिटेंशन पॉलिसी हटा दी है। अभी तक यह नियम था कि पांचवीं और आठवीं क्लास तक बच्चों को स्कूल द्वारा पास किया जाना अनिवार्य था। बच्चा अगर फेल भी होता है तो भी उसको डिटेन नहीं किया जाएगा। उसको आगे की कक्षा में प्रमोट किया जाएगा। इस नियम से अधिकतर बच्चे पढ़ाई में मेहनत नहीं करते थे और आगे नौवीं और दसवीं की कक्षा में जाने पर उनको परेशानी का सामना करना पड़ता था। कहीं न कहीं अभिभावक भी बच्चों की पढ़ाई पर थोड़ा कम ध्यान देते थे, क्योंकि उनको भी यह रहता था कि बच्चा नहीं पढ़ेगा, तब भी स्कूल को पास तो करना ही है। नो डिटेंशन पॉलिसी की वजह से कहीं न कहीं बच्चे और उनके मां-बाप दोनों ही पढ़ाई के प्रति गंभीर नहीं रहते थे। उनके मन में यह बात कहीं न कहीं जरूर रहती थी कि जब सरकार का नियम ही है कि बच्चों को आठवीं तक पास करना ही है तो फिर ज्यादा चिंता करने की क्या जरूरत है। अब नो डिटेंशन पॉलिसी खत्म होने से बच्चों और अभिभावक दोनों की पढ़ाई के प्रति गंभीरता बढ़ेगी। इसके अच्छे परिणाम आएंगे। पहले भी इसी तरह का नियम होता था। लेकिन, बीच में नो डिटेंशन पॉलिसी के आने से पढ़ाई के प्रति बच्चों में गंभीरता कम हो गई और नौवीं और दसवीं में जाने पर उन्हें परेशानियों का सामना करना पडने लगा और इसी वजह से नौवीं और दसवीं के रिजल्ट में भी गिरावट आने लगी। अभी तक यह होता था कि चाहे बच्चा पांचवीं का है या छठी का है, कोर्स खत्म कर पाया हो



या नहीं, उसने पूरा सिलेबस पढ़ा हो या नहीं, उसको अगली कक्षा में प्रमोट करना ही करना है। इस तरह से बच्चे की पढ़ाई की बुनियाद कमजोर हो जाती थी और आगे नौवीं कक्षा में जाने पर बच्चों के ऊपर पढ़ाई का एकदम बोझ पड़ जाता था और अधिकतर बच्चे फेल हो जाते थे। इस पॉलिसी के खत्म होने से अब बच्चों की पढ़ाई के स्तर में सुधार होगा और उनकी पढ़ाई की जड़ मजबूत होगी। बच्चे को 2 महीने के अंदर दोबारा से टेस्ट का मौका दिया जाएगा। टेस्ट में पास होने पर उसको अगली कक्षा में प्रमोट किया जाएगा। इससे पढ़ाई पूरी करके ही टैलेंटेड बच्चे आगे जाएंगे। हमारे समय में भी इसी तरह का नियम था। परीक्षा पास करने के लिए एक बार ही चांस मिलता था और उसमें अगर फेल हो जाते थे तो फिर से उसी कक्षा में पढ़ाई करनी पड़ती थी, लेकिन बाद में यह नियम आने से कि बच्चा फेल हो तो भी उसको अगली कक्षा में प्रमोट करना ही है, इस नियम से बच्चों के टैलेंट में कमी आने लगी। अब इस व्यवस्था के खत्म होने से आगे मेहनत करके और मेहनत से पास होकर के जो बच्चा आगे बढ़ेगा वह आगे भी जाकर अच्छा करेगा। उसका भविष्य भी उज्ज्वल होगा। उसे आगे अपने करियर में तरक्की करने में किसी सिफारिश की भी जरूरत नहीं पड़ेगी। दूसरी तरफदेखें तो नो डिटेंशन पॉलिसी को लाने की जरूरत क्यों पड़ी थी, यह बिन्दु राइट टु एजुकेशन एक्ट 2009 से जुड़ा है, जिसकी धारा 16 में यह प्रावधान किया गया था कि स्कूलों में आठवीं क्लास तक किसी भी बच्चे को किसी परीक्षा में फेल नहीं घोषित किया जाएगा, न ही उसका अगली क्लास में जाना रोका जा सकेगा। इसके पीछे यह सोच थी कि सभी बच्चों के लिए कम से कम आठवीं क्लास तक की पढ़ाई सुनिश्चित की जाए। यह देखा गया था कि आर्थिक और सामाजिक तौर पर पिछड़े परिवारों के बच्चों में फेल होने की वजह से ड्रॉपआउट बढ़ जाता है। अक्सर पढ़ाई में कमजोर ऐसे बच्चों के बारे में यह धारणा बन जाती है कि यह पढने वाला बच्चा नहीं है। लिहाजा उन्हें दूसरे काम में लगाने का भाव परिवार में भी जोर पकडने लगता है और वे पढ़ाई से वंचित कर दिए जाते हैं। नो डिटेंशन पॉलिसी के पीछे यह सोच भी थी कि बच्चे का सतत मूल्यांकन किया जाए जिससे उसे पास-फेल घोषित करने के बजाय उसकी कमियों का पता लगाकर उनका निदान करने का काम निरंतरता के साथ होता रहे। यह माना गया था कि कच्ची उम्र में बच्चे की पात्रता देखने का खास मतलब नहीं, क्योंकि हर बच्चा सीख सकता है। सवाल उसे सिखाने की सही प्रक्रिया ढूंढने और उसे अपनाने का है, जो मूलत: शिक्षा तंत्र की जिम्मेदारी है। नो डिटेंशन पॉलिसी को खत्म करने का एक मजबूत कारण यह बना कि इस पॉलिसी को लागू किए जाने के बाद फीडबैक पॉजिटिव नहीं आया। यह शिकायत आम थी कि बच्चों और अभिभावकों में पढ़ाई के प्रति दिलचस्पी कम होती जा रही है। कई राज्यों की ओर से इस पॉलिसी की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग होने लगी। इन्हीं वजहों से 2019 में केंद्र सरकार ने आरटीई कानून में संशोधन किया, जिससे संबंधित सरकारों को इसे जारी रखने या छोड़ देने का विकल्प मिला। और, अब केंद्र सरकार ने भी इसे छोडने का विकल्प चुना। गौर करने की बात यह है कि अभी भी पचास फीसदी राज्यों में नो डिटेंशन पॉलिसी लागू है और तमिलनाडु ने तो केंद्र के फैसले के बाद भी खुलकर कहा है कि वह इस पॉलिसी को जारी रखेगा। ऐसे में इस पॉलिसी के गुण-दोष परखने का मौका आगे भी मिलता रहेगा। साथ ही, इस सवाल पर विचार करने की गुंजाइश भी बनी रहेगी कि क्या इस पॉलिसी के खिलाफमिला फीडबैक हमारे शिक्षा तंत्र की कमियों की उपज है और क्या इस पॉलिसी को छोडने में सचमुच जल्दबाजी हुई है। इस पॉलिसी को शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के उद्देश्य से शुरू किया गया था, उसे ही समाप्त करना यह दर्शाता है कि नीति निर्धारकों ने इस फैसले के दीर्घकालिक प्रभावों का गहराई से विश्लेषण नहीं किया। शिक्षा नीति का उद्देश्य छात्रों का समग्र विकास होना चाहिए, न कि केवल पास या फेल पर ध्यान केंद्रित करना। सरकार के इस निर्णय के सकारात्मक और नकारात्मक दोनों तरह के असर देखने को मिल सकते हैं। फेल होने की आशंका से छात्र पढ़ाई में अधिक गंभीरता दिखा सकते हैं। यह कदम शिक्षकों को भी छात्रों के प्रदर्शन में सुधार लाने के लिए प्रोत्साहित करेगा। दूसरी ओर ग्रामीण और वंचित क्षेत्रों के छात्रों के लिए यह नीति चुनौतीपूर्ण साबित हो सकती है। देहात में शिक्षा के संसाधनों की कमी और शिक्षकों की अनुपलब्धता इन छात्रों को पीछे छोड़ सकती है। छोटे बच्चों पर फेल होने का डर मानसिक तनाव बढ़ा सकता है। यूं भी परीक्षा का फोबिया सांप या फिर बब्बर शेर के फोबिया से कम नहीं होता। फोकस बात करें तो शिक्षा नीति का उद्देश्य न केवल शिक्षण में सुधार करना होना चाहिए, बल्कि उन्हें एक सकारात्मक वातावरण प्रदान करना भी होना चाहिए। केवल वार्षिक परीक्षा के आधार पर छात्रों को पास-फेल करना शिक्षा का सही मापदंड नहीं है।

समग्र और सतत मूल्यांकन के मॉडल को अपनाने की जरूरत है। यह निर्णय तभी सफल होगा जब स्कूल शिक्षा व्यवस्था की मौजूदा चुनौतियों का समाधान भी निकाला जाए।

## आलेख

# अब सम्मान नहीं बल्कि लोकप्रियता हासिल करना ही मुख्य लक्ष्य है......

**श्रुति व्यास**

अब वह समय नहीं रहा जब आप झूठ न बोल कर सम्मान के पात्र बनते थे। आज राजनीति में झूठ बोलकर ही अपना नैरेटिव, सहानुभूति और जनसमर्थन चाहिए। हम बहुत भद्दे, गंदे समय में जी रहे हैं। एक बुरी तरह बंटे और कटे हुए समाज में जी रहे हैं। हर आदमी सही है और हर आदमी गलत है। जो हर एक मुद्दे पर हमसे सहमत नहीं हैं वो हमारे लिए बुरा बन जाता है। राजनीति ने हालात और खऱाब किए हैं। लोगों को बांट दिया है, धुव्रीकृत कर दिया है। नेता अब विचारधारा के आधार पर नहीं चुने जाते है। हम किसी पार्टी को इसलिए वोट नहीं देते है क्योंकि हमें उस पर भरोसा है। बल्कि हम उसे इसलिए वोट देते हैं क्योंकि हम उसकी विरोधी पार्टी से डरते हैं या नफरत करते हैं। हम किसी को पसंद नहीं करते, हम उसके प्रतिद्वंदी को नापसंद करते है। तभी बंटे हुए समाज में, इस ध्रुवीकरण से लोकलुभावन बातें बेइंतहा बढ़ गई है। सारी दुनिया में मुख्यधारा के अधिकांश राजनेता अब वोट हासिल करने और लोगों को भावनात्मक रूप से अपने से जोडने के लिए एक ही राग अपनाएं हुए है कि वे आम आदमी के पक्षधर हैं और कुलीनों, बड़े लोगों के विरोधी हैं। लोक लुभावन बातें सिर्फ दलगत राजनीति तक सीमित नहीं हैं। सार्वजनिक संवादों में लोकलुभावनवाद का प्रयोग मुख्यतः सत्ता-विरोधी भावनाओं को भड़काने के लिए किया जाता है, इस नजरिए को पेश करने के लिए किया जाता है कि कुलीन भ्रष्ट हैं। यह धारणा इस हद तक बढ़ चुकी है कि %कुलीन वर्ग ' - जिसमें पढे-लिखे, अध्येता और पत्रकार भी शामिल हैं - ने इसे स्वीकार लिया है। नियति मान लिया है कि अब ऐसे ही चलेगा। यह हमारी रोजमर्रा की चर्चाओं में शामिल हो चुका है। यह सब मान चुके हैं कि कुलीन, बौद्धिक वर्ग भ्रष्ट है और आम लोगों के कॉमनसेंस, सहज समझदारी की चिंता नहीं करता। पिछले तीन-चार दिनों में - पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के देहावसान के बाद से - यह विभाजन साफ तौर पर दिखलाया दिया है। सोशल मीडिया विरोध और नफरत से भरा हुआ है। सब एक दूसरे की हर मुद्दे पर खिलाफत कर रहे हैं। इनमें कांग्रेस और भाजपा दोनों शामिल हैं। पुराने, एक सेकंड लम्बे वीडियो खोद निकाल पोस्ट किए जा रहे हैं ताकि गुस्सा भड़के। पार्टियों के ट्रोल योद्धा जोरशोर से ऐसी चीज़ें पोस्ट कर रहे हैं जिससे नफरत और बढ़ रही है। %विरोधी भावनाएं' उफान पर हैं। विरासतों को कलंकित किया रहा है। प्राण त्याग चुके व्यक्ति की आत्मा को बार-बार यातना दी जा रही है - एक के बाद एक ट्वीट करके, मौके पर चौका मारने के लिए और इतिहास पर पर्दा डाला जा रहा है। मैं यह नहीं समझ पा रही हूँ भाजपा द्वारा फैलाए जा रहे नैरेटिव - विशेषकर देश के एक पूर्व प्रधानमंत्री की मृत्यु से जुड़े हुए नैरेटिव - से भला किस तरह उसे आगे राजनैतिक, चुनावी लाभ हासिल होगा या पार्टी की इमेज चमकाई जा सकती है? लेकिन जब सत्ता पाना, उसके इस्तेमाल करने, से अधिक महत्वपूर्ण होता है तब कुछ भी सही या गलत नहीं रह जाता। आज की राजनीति इस हद तक नफरत भरी हो गई है कि झूठ बोलने में लोगों को मज़ा आता है। राजनीतिज्ञ अपने विरोधियों को दानव साबित करने में जुटे हुए हैं, फिर चाहे वे इस दुनिया में हों या न हों। वे दूसरे पक्ष को भ्रष्ट, अतिवादी और बेईमान साबित करने के लिए बिना किसी झिझक के झूठ का सहारा ले रहे हैं। आखिरकार सच्चाई का सामना करने के लिए दमदार लीडरशीप की जरूरत होती है और राजनीति करने से आपको सदैव सबका सम्मान हासिल नहीं होता। डॉ। मनमोहन सिंह को हमेशा कड़वी अपमानजनक बातें सुननी पड़ीं लेकिन वे चुप्पी साधे रखने के अपने संकल्प से नहीं डिगे। उन्हें उनके कामों के लिए याद रखा जाएगा, उनका काम बोलेगा, यही उनका नजरिया रहा। और जो %सहज बुद्धि' के पक्षधर हैं, वे सदैव उन्हें इसके लिए ही याद रखेंगे। शायद यही वजह है कि लुटियन्स दिल्ली के बहुत से बड़े क्लबों ने नए साल के जश्न के कार्यक्रम एक ऐसे नेता के सम्मान में रद्द कर दिए हैं जिन्हें भारत की अर्थव्यवस्था को आज़ादी दिलाने वाले सेनानी के नाते याद किया जाता है। लेकिन दौर बहुत घिनौना है। अब वह समय नहीं रहा जब आप झूठ न बोल कर सम्मान के पात्र बनते थे। आज राजनीति में हालात यह हैं कि झूठ बोलकर ही सहानुभूति, करूणा और जनसमर्थन हासिल करने का जुनून किया है; इतिहास और समाज को बदलने की कोशिश है। क्योंकि अब सम्मान हासिल करना नहीं बल्कि लोकप्रियता हासिल करना ही मुख्य लक्ष्य है।

# वर्ष 2025 में सरल कर व्यवस्था की अपेक्षा

**डॉ. जयंतीलाल भंडारी**

निश्चित रूप से देश के छोटे-बड़े सभी करदाता वर्ष 2025 में सरल कर व्यवस्था की अपेक्षा कर रहे हैं। यद्यपि सरकार सरल कर व्यवस्था के लिए एक के बाद एक लगातार कदम आगे बढ़ा रही है, लेकिन नये वर्ष में अभी और अधिक सरल कर व्यवस्था जरूरी दिखाई दे रही है। पिछली 21 दिसम्बर को जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) काउंसिल की जैसलमेर में हुई 55वीं बैठक में जीएसटी के सरलीकरण और राहत संबंधी कई महत्त्वपूर्ण निर्णय लिए गए। खास तौर से छोटे कर्जदारों को राहत देते हुए कहा गया है कि ऋण शतरे का पालन नहीं करने पर ऋणदाताओं द्वारा जो जुर्माना लगाया जाएगा, उस पर कोई जीएसटी नहीं लगेगा। खास किस्म के फोर्टफिाइड चावल पर जीएसटी कम किया गया है। कैंसर की जीन थेरेपी को कर-मुक्त किया गया है। इस्तेमालशुदा यानी पुराने वाहनों की बिक्री पर कर दर 18 फीसद कर दी गई है। उल्लेखनीय है कि इसी वर्ष अगस्त, 2024 में आयकर अधिनियम को सरल बनाने के लिए मुख्य आयकर आयुक्त वी. के. गुप्ता की अध्यक्षता में गठित समिति कर रियायतों को तर्कसंगत बनाने, कर गणना के तरीके का स्तर बढ़ा कर इसे विस्तरीय बनाने और अपील करने की व्यवस्था में जटिलता कम करने संबंधी सुधारों पर तेजी से काम कर रही है। समिति कर विशेषज्ञों और विभिन्न निकायों से प्राप्त सिफारिशों की समीक्षा कर रही है। ज्ञातव्य है कि आयकर अधिनियम, 1961 की करीब 90 धाराएं अपनी प्रासंगिकता खो चुकी हैं। ये धाराएं विशेष आर्थिक क्षेत्र, दूरसंचार, पूंजीगत लाभ सहित कर छूट एवं कटौती जैसे मामलों में कारगर नहीं रह गई हैं। मौजूदा स्रेत पर कर कटौती (टीडीएस), स्रेत पर कर संग्रह (टीसीएस) व्यवस्था को सरल करने, सीमा शुल्क कानून की तरह ही यह समिति दरों की व्यापक अनुसूची बनाने पर आगे बढ़ रही है। इससे कानूनी जटिलताएं और मुकदमेबाजी में काफी कमी आएगी तथा कर कटौती प्रक्रिया अधिक सरल और पारदर्शी होगी। उम्मीद है कि गुप्ता समिति की रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत होगी और इसके आधार पर विधि मंत्रालय की मदद से नये आयकर विधेयक का मसौदा तैयार किया जाएगा। निश्चित रूप से पिछले एक दशक में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष करों में तेज सुधारों का सिलसिला लगातार बढ़ा है, और इससे देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है। पिछले एक दशक से आयकर कानून में जो अहम सुधार किए गए हैं, उससे जहां आयकरदाताओं को सुविधा मिली है, वहीं आयकरदाताओं की संख्या बढ़ाने में भी मदद मिली है। वर्ष 2023-24 में व्यक्तिगत आयकर संग्रह लगभग चार गुना बढ़ कर 10.45 लाख करोड़ रु पये का रहा। यह भी कोई छोटी बात नहीं है कि आयकर वर्ष 2023-24 में 8.09 करोड़ से ज्यादा रिकॉर्ड आयकर रिटर्न दाखिल किए गए। साथ ही, मौजूदा वित्त वर्ष 2024-25 में पिछले वर्ष से अधिक आयकर रिटर्न और अधिक आयकर प्राप्ति का परिदृश्य उभरता दिखाई दे रहा है। जिस तरह देश में आयकर संबंधी सुधारों से आयकरदाताओं की संख्या और आयकर राशि में तेजी से इजाफा हुआ है, उसी तरह देश में अप्रत्यक्ष करों में भी सुधार हुआ है। ऐतिहासिक सुधार कहा जाने वाला वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) 1 जुलाई, 2017 से लागू हुआ है। पिछले वित्त वर्ष 2023-24 के लिए जीएसटी का संग्रहण 20.18 लाख करोड़ रु पये पहुंच गया, जो पूर्ववर्ती साल के मुकाबले 11.7 फीसद वृद्धि दिखाता है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में अप्रैल से नवम्बर, 2024 के बीच जीएसटी संग्रह पिछले वर्ष की इस अवधि के मुकाबले 9 फीसद बढ़ कर 14.56 लाख करोड़ हो गया है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि दुनिया की तेज बढ़ती भारतीय अर्थव्यवस्था के तहत बढ़ते उद्योग-कारोबार, सर्विस सेक्टर, शेयर बाजार और मध्यम वर्ग की क्रयशक्ति की नई ऊंचाइयों के कारण देश में टैक्स संग्रहण में तेज वृद्धि हो रही है। वस्तुतः कर संग्रह में तेज वृद्धि से बुनियादी ढांचे, सामाजिक सेवाओं और जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए सरकार की क्षमता बढ़ रही है। सरकार की मुट्ठी में बढ़ता कर राजस्व न केवल अर्थव्यवस्था के नवनिर्माण में मदद कर रहा है, बल्कि सरकार को अपने करदाताओं के प्रति जवाबदेह भी बना रहा है। चूंकि देश ने 2047 में विकसित भारत का लक्ष्य रखा है, उस दिशा में आगे बढने के लिए कर सुधारों के साथ कर संग्रह में लगातार इजाफा जरूरी होगा और तकनीक के ज्यादा इस्तेमाल से कर संग्रह में वृद्धि तेज की जानी होगी। ऐसे में उपयुक्त होगा कि आयकर अधिनियम को सरल बनाने के लिए गठित गुप्ता समिति शीघ्रतापूर्वक अपनी रिपोर्ट पूर्ण करते हुए इस बात पर ध्यान दे कि प्रति व्यक्ति आय के लिए छूट की सीमा को कम करने के मद्देनजर छूट के स्तर को निकट भविष्य में अपरिवर्तित रखा जाए। समिति को ध्यान देना होगा कि करदाताओं की संख्या में इजाफा कर व्यवस्था को अधिक निष्पक्ष बनाया जाए ताकि इससे कर भुगतान को लेकर दृष्टिकोण को सही दिशा में बढ़ावा मिल सके। इसी प्रकार जीएसटी की जटिलताएं कम करके इसे अधिक सरल और कारगर बनाना होगा। नई टेक्नोलॉजी के उपयोग से जीएसटी अनुपालन जितना अधिक कारगर होगा, उतना ही अधिक जीएसटी संग्रह बढ़ाया जा सकेगा। इसके अलावा, जीएसटी चोरी के खिलाफ सरकार द्वारा प्रभावी अभियान चलाया जाना होगा क्योंकि कई कारोबारी फर्जी बिल के इनपुट टैक्स क्रेडिट का लाभ उठा रहे हैं। टैक्स चोरी रोकने के लिए प्रशासनिक स्तर पर भी प्रभावी बदलाव किए जाने होंगे। जीएसटी दरों को कम करने के साथ जीएसटी स्लैब को तर्कसंगत बनाना होगा। समय आ गया है कि जीवन और स्वास्थ्य बीमा की खरीदारी पर लगने वाले 18 फीसद जीएसटी में राहत सुनिश्चित की जाए। क्विक कॉमर्स कंपनियों पर जीएसटी को लेकर निर्णय लिया जाए। पेट्रोलियम उत्पादों और जमीन एवं रियल एस्टेट को भी जीएसटी के दायरे में लाया जाए।

# भारत के डिजिटल भविष्य का नया स्वरुप:डेटा सुरक्षा के लिए नागरिक-केंद्रित दृष्टिकोण

**-श्री अश्विनी वैष्णव**

जब हम वैश्विक भविष्य के बारे में बात करते हैं, तो मानव-केंद्रित दृष्टिकोण सबसे महत्वपूर्ण होना चाहिए । हाल ही में संयुक्त राष्ट्र के 'भविष्य के शिखर सम्मेलन' में हमारे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के ये शब्द, लोगों को पहले रखने के भारत के दृष्टिकोण को दर्शाते हैं । इस दर्शन ने डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण (डीपीडीपी) नियम, 2025 के मसौदे को आकार देने में हमारे प्रयासों का मार्गदर्शन किया है । अंतिम रूप दिए जाने के बाद, डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम, 2023 को लागू हो जाएगा, जो नागरिकों के व्यक्तिगत डेटा सुरक्षा के अधिकार की रक्षा के लिए हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करेगा ।

## सशक्तिकरण का एक नया युग

भारतीय नागरिक डीपीडीपी नियम, 2025 के केंद्र में है। डेटा के बढ़ते वर्चस्व वाली दुनिया में, हमारा मानना है कि व्यक्तियों को शासन की रूपरेखा के केंद्र में रखना अनिवार्य है । ये नियम नागरिकों को कई अधिकारों से सशक्त बनाते हैं, जैसे सूचना आधारित सहमति, डेटा मिटाने की सुविधा और डिजिटल रूप में नामांकित व्यक्ति को नियुक्त करने की क्षमता, आदि । नागरिक अब उल्लंघनों या अनधिकृत डेटा उपयोग के सामने असहाय महसूस नहीं करेंगे । उनके पास अपनी डिजिटल पहचान को प्रभावी ढंग से सुरक्षित और प्रबंधित करने के लिए उपकरण होंगे । नियमों को सरलता और स्पष्टता के साथ तैयार किया गया है, यह सुनिश्चित किया गया है कि प्रत्येक भारतीय, चाहे उनके पास तकनीकी ज्ञान कुछ भी हो, अपने अधिकारों को समझ सकता है और उनका प्रयोग कर सकता है । सहमति स्पष्ट शब्दों में मांगी जाती है तथा नागरिकों को अंग्रेजी या संविधान में सूचीबद्ध 22 भारतीय भाषाओं में से किसी में भी जानकारी प्रदान करना अनिवार्य किया गया है, यह रूपरेखा समावेशिता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है ।

## बच्चों की सुरक्षा

डिजिटल युग में बच्चों को विशेष देखभाल की आवश्यकता है । इसे मान्यता देते हुए, नियम नाबालिगों के व्यक्तिगत डेटा को संसाधित करने के लिए माता-पिता या अभिभावक की सत्यापन योग्य सहमति को अनिवार्य बनाते हैं । अतिरिक्त सुरक्षा उपाय बच्चों को शोषण, अनधिकृत प्रोफाइल बनाने और अन्य डिजिटल नुकसान से बचाव सुनिश्चित करते हैं। ये प्रावधान भविष्य की पीढ़ी के लिए एक सुरक्षित डिजिटल परिदृश्य बनाने के प्रति हमारे समर्पण को दर्शाते हैं ।

## विनियमन के साथ विकास का संतुलन

भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था एक वैश्विक सफलता की गाथा रही है और हम इस गति को बनाए रखने के प्रति दृढ़ हैं । हमारी रूपरेखा, डिजिटल अर्थव्यवस्था में नवाचार को सक्षम करते हुए नागरिकों के लिए व्यक्तिगत डेटा सुरक्षा सुनिश्चित करती है । विनियमन पर बहुत अधिक जोर देने वाले कुछ अंतरराष्ट्रीय प्रारूपों के विपरीत, हमारा दृष्टिकोण व्यावहारिक और विकासोन्मुखी है। यह संतुलन सुनिश्चित करता है कि नागरिकों की सुरक्षा की जाए और नवाचार भावना को दबाया न जाए, जो हमारे स्टार्टअप और व्यवसायों को प्रेरित करती है । छोटे व्यवसायों और स्टार्टअप के लिए अनुपालन बोझ कम हो जाएगा । हितधारकों की अलग-अलग क्षमताओं को ध्यान में रखते हुए, नियमों को वर्गीकृत जिम्मेदारियों के साथ डिज़ाइन किया गया है । डेटा विश्वास के मूल्यांकन के आधार पर, बड़ी कंपनियों के पास उच्च दायित्व होंगे, जो विकास को बाधित किए बिना जवाबदेही सुनिश्चित करेंगे ।

## डिजिटल-प्रथम दर्शन

इन नियमों के मूल में डिजाइन से डिजिटल दर्शन है । डेटा सुरक्षा बोर्ड मुख्य रूप से एक डिजिटल कार्यालय के रूप में कार्य करेगा, जिसे शिकायतों का समाधान करने और अनुपालन लागू करने का काम सौंपा गया है । प्रौद्योगिकी का लाभ उठाकर, हम दक्षता, पारदर्शिता और गति सुनिश्चित करते हैं । नागरिक शारीरिक उपस्थिति के बिना भी शिकायत दर्ज कर सकते हैं, प्रगति की निगरानी कर सकते हैं और समाधान प्राप्त कर सकते हैं । यह डिजिटल-प्रथम दृष्टिकोण सहमति व्यवस्था और डेटा प्रबंधन कार्य तक फैला हुआ है । प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करके, हम बड़ी कंपनियों के लिए अनुपालन करना और नागरिकों के लिए जुड़ना आसान बनाते हैं, जिससे प्रणाली में विश्वास बढ़ता है ।

## समावेशी दृष्टिकोण

इन नियमों की यात्रा उनके अभिप्राय जितनी ही समावेशी रही है । डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम, 2023 के सिद्धांतों पर आधारित, मसौदा नियम विभिन्न हितधारकों से एकत्र किए गए व्यापक इनपुट और वैश्विक सर्वोत्तम तौर-तरीकों के अध्ययन का परिणाम है । नागरिकों, व्यवसायों और नागरिक समाज से प्रतिक्रिया और सुझाव आमंत्रित करते हुए, हमने सार्वजनिक परामर्श के लिए 45-दिनों की अवधि निर्धारित की है । यह जुड़ाव सामूहिक ज्ञान और भागीदारीपूर्ण नीति निर्माण के महत्व में हमारे विश्वास का प्रमाण है, जबकि यह सुनिश्चित करना है कि यह व्यवस्था न केवल मजबूत हो, बल्कि हमारे सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य की अनूठी चुनौतियों के अनुकूल भी हो । यह सुनिश्चित करने के लिए कि नागरिक अपने अधिकारों और जिम्मेदारियों के बारे में जागरूक हैं, नागरिकों को उनके व्यक्तिगत डेटा से जुड़े अधिकारों के बारे में शिक्षित करने के लिए व्यापक जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा ।

## भविष्य के लिए एक विजन

इन नियमों की शुरुआत के साथ, हम न केवल वर्तमान चुनौतियों का समाधान कर रहे हैं बल्कि एक सुरक्षित और अभिनव डिजिटल भविष्य की आधारशिला भी रख रहे हैं । डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण नियम, 2025 का मसौदा वैश्विक डेटा शासन मानदंडों को आकार देने में भारत के नेतृत्व को प्रतिबिंबित करता है । नागरिकों को केंद्र में रखते हुए, नवाचार के लिए अनुकूल वातावरण को बढ़ावा देकर, हम एक मिसाल कायम कर रहे हैं, जिसका दुनिया अनुसरण कर सकती है । हमारी प्रतिबद्धता स्पष्ट है: इस डिजिटल युग में प्रत्येक भारतीय को सुरक्षित, सशक्त और सक्षम बनाना। मैं प्रत्येक नागरिक, व्यवसाय और नागरिक समाज समूह को परामर्श अवधि के दौरान टिप्पणियाँ और सुझाव साझा करके इस संवाद में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करता हूँ । आइए हम सब मिलकर इन नियमों को परिष्कृत करें ताकि एक ऐसी व्यवस्था तैयार हो सके, जो वास्तव में एक सुरक्षित, समावेशी और संपन्न डिजिटल भारत की आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करती हो । **(पीआईबी)**

(लेखक केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी, सूचना और प्रसारण तथा रेलवे मंत्री हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### दिगंबर जैन (बड़ा मंदिर) मालवीय रोड मंदिर जी प्रांगण में नवीन कुआं निर्माण हेतु खनन प्रारंभ





**रायपुर ( विश्व परिवार )।** दिगंबर जैन (बड़ा मंदिर) मालवीय रोड मंदिर जी प्रांगण में दिनांक 05/01/2025, रविवार को प्रात: 8:15 बजे नए कुंए के खनन का कार्य अरुण भैया एवं पं संजय जैन के मार्गदर्शन में ट्रस्ट, कार्यकारणी सदस्य की उपस्थिति में शुभ मूर्हत पर मंत्रोच्चार में प्रारंभ किया गया, कुएं खनन के पुण्यार्जक श्री इंद्र कुमार अनिल कुमार जी जैन झाबाक बाड़ा परिवार द्वारा यह शुभ कार्य कराया जा रहा है।

### मीरानी ग्रुप द्वारा विश्व विख्यात भगवताचार्य रमेश भाई ओझा के मुखारविंद से श्रीमद्भागवत कथा रायपुर स्थित जैनम भवन में आयोजित

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर स्थित जैनम भवन में प्रतिष्ठित परिवार मीरानी ग्रुप द्वारा विश्व विख्यात



भगवताचार्य श्री रमेश भाई ओझा (पूज्य भाई श्री) के मुखारविंद से श्रीमद्भागवत कथा 2 से 8 जनवरी 2025 तक राजधानी रायपुर में आयोजित किया गया है। जिसका नित्य समय होगा शाम 4 से 7:30 बजे तक। कथा का स्मरण करने प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं बता दे की मीरानी ग्रुप राजधानी का सबसे प्रतिष्ठित ग्रुप है जिसके द्वारा इस कथा का आयोजन किया गया है कथा में श्रद्धालुओं के लिए भोजन की भी व्यवस्था मीरानी ग्रुप के द्वारा की गई है। कथा का आयोजन करने वाले आयोजनों ने कहा कि विश्व विख्यात रमेश भाई ओझा के मुख से श्रीमद् भागवत कथा का स्मरण करना अतुल्य है। इस कथा का आयोजन विमानतल स्थित जैनम् भवन में किया गया है। जहां पर आप भी पहुंचे एवं श्रीमद् भागवत कथा का स्मरण करें।

### अरुण साव आज विभिन्न कार्यक्रमों में होंगे शामिल

**रायपुर ( विसं )।** उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव 6 जनवरी को रायपुर और बलौदाबाजार में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। वे 6 जनवरी को दोपहर एक बजे रायपुर के स्वर्गीय बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय अधिकारी-कर्मचारी अधिवेशन में शामिल होंगे। उप मुख्यमंत्री श्री साव दोपहर ढाई बजे रायपुर से बलौदाबाजार के लिए रवाना होंगे। वे शाम चार बजे बलौदाबाजार में जिला ऑडिटोरियम का उद्घाटन करेंगे। वे शाम पांच बजे बलौदाबाजार से रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे। वे शाम साढ़े छह बजे वापस रायपुर पहुंचेंगे।

## यह संसार पुण्य-पाप का खेल है, सुख और दुःख कर्म के आधीन : मुनि श्री प्रमाणसागर जी महाराज

**इंदौर ( विश्व परिवार )।** यह संसार पुण्य पाप का खेल है, सुख और दु:ख कर्म के आधीन है, आपके जीवन में किसी भी प्रकार की आपत्ति विपत्ति हो तो यह विचार करना कि यह मेरे हाथ में नहीं, उन आपत्ति और विपत्ति में अपने आपको सम्हालना तो मेरे हाथ में है, और उसको सम्हालने का प्रयास करना, व्यर्थ में इधर उधर हाथ पांव मत मारने से आप अपने आपको ही दु:खी करोगे और उसे कर्म का उदय मानकर उसको छय करने के लिये अपने आपको शुभ में लगाओ देखना आये हुये कर्म शीघ्र नष्ट हो जाऐंगे। उपरोक्त उदगार मुनि श्री प्रमाणसागर महाराज ने आदिनाथ बाग स्थित रामचन्द्र नगर में व्यक्त किये

मुनि श्री ने कहा कि जब कर्म का तीव्र उदय होता है तो कोई निमित्त काम नहीं करता जब कर्म बदल जाता है तो सब कुछ ठीक हो जाता है। हम लोगों ने पुराणों में ढेर सारी कहानियां पड़ी है राजा था रंक बन गया राजपाट खोना पड़ा बापिस पुण्य का योग आया और राजपाट मिल गया। मुनि श्री ने कहा कि सबके जीवन में जो उतार चड़ाव है, इसका नियंता मेरा अपना कर्म है इसलिये कभी परिस्थितियों को दोष मत दो उसको विधी का विधान मानकर चलोगे तो आपको प्रसन्नता बनी रहेगी उन्होंने कई उदाहरण दिये एक




ब्यक्ति ने लाटरी का टिकट खरीदा औरसुबह सुबह अखबार में जब विज्ञप्ति पड़ी तो उसे ज्ञात हुआ कि उसकी एक करोड़ की लाटरी खुल गई तो वह फूला नहीं समाया और जब लोगों ने उसको बधाई दी तो उसने भी जोरदार पार्टी दे दी दूसरे दिन जब अखबार आया तो उसमें भूल सुधार का कालम में जो लाटरी का नम्वर था वह नम्वर के स्थान पर दूसरा नं. था कल जिस बात पर उसको प्रसन्नता थी वही बात आज उसके दु:ख में बदल गयी मुनि श्री ने एक और उदाहरण दियापति पत्नी में बहूत अच्छे सम्वंध थे एक दूसरे पर जान छिड़कते थे अचानक दीपावली की सफाई में पति के हाथ पत्नी के तीस साल पुरानी उसके पूर्व प्रेमी की एक चिट्ठी हाथ लग गई पति ने पड़ा और उसकी त्योरियाँ चड़ गई जिस पत्नी को वह दिल और जान से चाहता था वही पत्नी उसे कुलटा नजर आने लगी। मुनि श्री ने कहा कि विधी के विधान पर अच्छे में भी विश्वास करो और बुरे में भी विश्वास करो।

जब पुण्य के फल को स्वीकारते हो तो मीठे हों या कड़वे दौनों को स्वीकार करो। अच्छे बुरे दौनों अवसरों पर अपने आपको तटस्थ रखना सच्चे ज्ञानी की पहचान है।आपदा और सम्पदा दौनों सगी बहनें है पाप और पुण्य की स्थिति में समता बनाये रखना तुम्हारा धर्म है जिसको विधी के विधान पर विश्वास होता है वह विलखता नहीं है कर्म का उदय मानकर समता धारण करता है। परिवार में आई विपत्तियों को कोसो मत भगवान पारसनाथ के जीवन को देखो दस भव तक उनके ऊपर एक से बड़कर एक विपत्तियां आई लेकिन उसे कर्म का उदय मानकर सहते रहे। मुनि श्री ने कहा कि विपत्तियों में घबड़ाइये मत बल्कि यह सोचिये यह मेरी परिक्षा की घड़ी है उपसर्ग साधुओं पर आते है डाकुओं पर नहीं कसौटी पर सोने को कसा जाता है पीतल को नहीं जब कभी भी परिक्षा की घड़ी आऐ तो अपने आपको सोना मानकर अपनी परिक्षा दैना घबड़ाइये मत यह तो कर्म का उदय है यह भी चला जाऐगा सब कुछ नष्ट हो जाऐ लेकिन आपकी आत्मा का एक भी प्रदेश इधर से उधर विचलित नहीं हो सकता। कर्म सिद्धांत पर विश्वास रखोगे और धैर्य रखोगे तो आयी हुयी विपदा और संकट शीघ्र टल जाऐंगे।

उपरोक्त जानकारी देते हुये धर्म प्रभावना समिति के प्रवक्ता अविनाश जैन ने बताया मुनि श्री संघ सहित आदिनाथबाग रामचन्द्र नगर में विराजमान है।रविवार की धर्मसभा में बहूत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे धर्म प्रभावना समिति के अध्यक्ष अशोक रानी डोसी, मुकेश विजय पाटौदी, योगेन्द्र सेठी, दिलीप गोधा, सहित रामचंद्र नगर एवं समृति नगर के पदाधिकारियों ने गुरु चरणोंमें श्री फल अर्पित किये मुनिसंघ का सांयकालीन शंकासमाधान रामचंद्र नगर में होकर रात्री विश्राम यंही पर होगा।सोमवार को प्रात: मंगल विहार स्मृति नगर की ओर होकर मंगल प्रवचन एवं आहारचर्या उधर से ही संपन्न होगी। **-अविनाश जैन**

## वात्सल्य वारिधि आचार्य श्री वर्धमान सागर जी महाराज ने किया केशलोचन

**पारसोला ( विश्व परिवार )।** परम पूज्य वात्सल्य वारिधि आचार्य श्री 108 वर्धमान सागर महाराज का प्रवास धर्म नगरी पारसोला में चल रहा है जहां धर्म प्रभावना हो रही है। रविवार की प्रात: बेला में पूज्य आचार्य श्री ने अपने हाथों से केशो का लोचन किया केशलोच एक साधना है एक तपस्या है स्वयं के हाथों से अपने बालों को घास फूस की तरह उखाड़ना सहज नहीं होता यह एक महान तपस्वी एवं दिगंबर संत ही कर सकता है। मुनि स्वावलंबी होते हैं और उनकी चर्या सिंह के समान होती है, इसलिए बाल हटाने के लिए किसी का सहारा नहीं लेते.केशलोचन परिषह सहन करने के लिए भी ज़रूरी होता है.



उस दिन मुनि निराहार रहकर उपवास रखते हैं। केश लोचन के बारे में संघ के मुनि श्री हितेंद्र सागर ने चर्चा में बताया कि प्रत्येक दिगंबर साधु को 2 माह से 4 माह की अवधि के भीतर के केशलोचन करना अनिवार्य है केशलोच दिगंबर साधु का मूल गुण है। केशलोचन के माध्यम से शरीर से राग और मोह दूर होता है केश लोचन की प्रक्रिया में मुनि श्री ने बताया कि केश्लोचन करते समय केवल राख का उपयोग किया जाता है जैन धर्म अहिंसा प्रधान धर्म है बालों का लोचन अगर नहीं किए जाएं तो उसमें छोटे-छोटे जीवो की उत्पत्ति होने की संभावना होती है जैन साधु अहिंसा धर्म के महाव्रती होते हैं। बाल हाथों से इसलिए उखाड़े जाते हैं कि बालों को कटिंग करने के लिए सेविंग कराने के लिए अन्य द्रव्य की आवश्यकता होती है जैन साधु अपरिग्रही होते हैं। इसलिए जैन साधु अपने हाथ से केशलोचन करते हैं बाल सौंदर्य का प्रतीक हैं इससे राग और आकर्षण होता है। केश लोच से शरीर से ममत्व दूर होता है केश लोचन के समय तप,संयम, धैर्य के साथ धर्म की प्रभावना होती है केश लोचन देखकर अनुमोदना करने से पुण्य की प्राप्ति होती है कर्मों की निर्जरा होती है। इस अवसर सभी साधु उपस्थित रहे।इस अवसर पर अनेक महिलाओ ने वैराग्य पूर्ण भजन गा कर केशलोचन की तपस्या की अनुमोदना की।राजस्थान के अनेक नगरों से आचार्य श्री को अपने नगर में आगमन करने हेतु भक्तगण आकर श्रीफल भेंट कर रहे हैं। **-राजेश पंचोलिया इंदौर**

## अर्हम फाउंडेशन ने सेवा भारती बाल विद्यालय के बच्चों के साथ मनाया नववर्ष 2025

**जयपुर ( विश्व परिवार )।** सेवा के क्षेत्र में अग्रणी अर्हम फाउंडेशन ने इस बार का नववर्ष एक अनोखे और प्रेरणादायक तरीके से मनाया। फाउंडेशन की टीम ने सेवा भारती बाल विद्यालय के बच्चों के साथ समय बिताया और उनके साथ नए साल का जश्न मनाया।




सेवा भारती बाल विद्यालय का संचालन विमला दादी द्वारा किया जा रहा है, जिन्हें बच्चे प्यार से 'दादी' कहकर पुकारते हैं। 16 वर्ष पहले धन प्रकाश त्यागी से प्रेरणा और उनके सहयोग से विमला दादी ने इस विद्यालय की शुरुआत की थी। इस विद्यालय ने अब तक सैकड़ों बच्चों का पालन-पोषण और मार्गदर्शन किया है, जब तक वे आत्मनिर्भर नहीं हो गए। यहां अनाथ बच्चों को मुफ्त में शिक्षा, भोजन और वस्त्र उपलब्ध कराए जाते हैं। जिन बच्चों का इस दुनिया में कोई नहीं है, उनके लिए विमला दादी और विद्यालय के अन्य बच्चे ही उनका परिवार हैं।

यहां के कई बच्चे आज सरकारी अधिकारी, डॉक्टर, सीए जैसे प्रतिष्ठित पदों पर पहुंचकर विद्यालय और समाज का नाम रोशन कर रहे हैं। वर्तमान में, विमला दादी 32 बच्चों की अभिभावक हैं और इस विद्यालय में 300 से अधिक बच्चे नि:शुल्क शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं।

**अर्हम फाउंडेशन के योगदान :** बच्चों के लिए स्वादिष्ट भोजन की व्यवस्था, चॉकलेट, नए परिधानों का वितरण, विद्यालय के लिए राशन सामग्री, विद्यालय में पर्दे लगवाना। इसके अलावा, अर्हम फाउंडेशन की महिलाओं ने बच्चों के साथ गीत गाए, नृत्य किया और कई मजेदार खेल खेले। बच्चों के चेहरों पर मुस्कान और उनकी आंखों में चमक इस विशेष दिन को और यादगार बना गई। अर्हम फाउंडेशन का यह प्रयास न केवल सराहनीय है, बल्कि अन्य संस्थाओं और व्यक्तियों को भी समाज सेवा के लिए प्रेरित करता है।

## किसी भी कार्य में सफल होने 5 चीजे बहुत जरूरी- साहस, श्रम, संघर्ष, सब्र और लक्ष्य : आचार्य श्री प्रसन्नसागर जी महाराज

**शहागढ़ ( विश्व परिवार )।** अन्तर्मना आचार्य प्रसन्न सागरजी महाराज की कुलचाराम से बद्रीनाथ अहिंसा संस्कार पदयात्रा चल रही है आज शहागड मध्यप्रदेश ननिहाल में। किसी भी कार्य में सफल होने के लिये पांच चीजे बहुत ज़रूरी है- साहस, श्रम, संघर्ष, सब्र और लक्ष्य। जीवन में कुछ बनने, पाने और किसी लक्ष्य तक पहुंचने के लिये संकल्प का होना बहुत जरूरी है। लक्ष्य के अभाव में - साहस, श्रम, संघर्ष और सब्र- सब निरर्थक है। लक्ष्य निश्चित है तो मंजिल सामने है, अन्यथा चलते रहो कोल्हू के बैल की तरह।

हमारे भीतर इतना साहस हो कि हम तमाम झंझावातों के बीच भी अपने लक्ष्य के प्रति इमानदार रहें। जीवन में कई बार हमें चुनौतियों का सामना करना पड़ता है और कमजोर मन वाले लोग अपने लक्ष्य को बदलने लगते हैं, और सरल राह की खोज में संलग्न हो जाते हैं। यही मन का भटकाव हमें विचलित और कमजोर कर देता है, फिर हमारा लक्ष्य के प्रति आस्था, विश्वास कमजोर होने लगता है। हम स्वयं को थका, हारा, परास्त महसूस करने लगते हैं। यहीं से मन और जीवन में विक्षोभ उत्पन्न होने लगता है।



अरे बाबू- एक छोटी सी चींटी भी जब घर से बाहर निकलती है तो वह भी अपने लक्ष्य का निर्धारण कर लेती है और उस लक्ष्य तक पहुंचने के लिये पुरा साहस, श्रम और सामर्थ्य को लगा देती है। लक्ष्य तक पहुंचने के लिये साहस, श्रम, संघर्ष और सब्र बहुत जरूरी है। असफलताओं के तूफान के मध्य, सफलताओं के ध्वज दण्ड को थाम कर चलने का साहस रखने वाले ही लक्ष्य भेदने का गौरव प्राप्त करते हैं। जैसे- हमने सिद्धवर कूट में सिद्ध हस्त सन्त शिरोमणी आचार्य श्री विद्या सागरजी गुरूदेव से सिंह निष्क्रीडित व्रत करने का संकल्प लिया और सिद्ध क्षेत्र सम्मेद शिखर पर्वत पर तप साधना करने का लक्ष्य बनाया, तब कहीं जाकर हम आज इस मुकाम तक पहुंच पाये हैं। अन्यथ- इस जीवन में इतना महान व्रत और महान तीर्थराज पर्वत पर तप साधना करना, निश्चित मेरे अनन्त जन्मों एवं गुरूओं के आशीष का ही सुफल है।

**-नरेंद्र अजमेरा, पियुष कासलीवाल**

## महाकुम्भ में सिंधी समाजसेवियों की संत साईं मसन्द साहिब के नेतृत्व में शंकराचार्यों के साथ होगी बैठक

**भारत को हिन्दू राष्ट्र एवं विश्वगुरू बनाने की चल रही मुहिम में सिन्धी समाज की भागीदारी पर होगी चर्चा**

**साईं मसन्द साहिब 8 से 22 जनवरी तक महाकुंभ प्रयागराज में ज्योतिर्मठ शंकराचार्य शिविर में रहेंगे**



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य पूज्यपाद स्वामीश्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज के विशेष आमंत्रण पर सिंधी समाज के प्रख्यात संत, मसन्द सेवाश्रम के पीठाधीश साईं जलकुमार मसन्द साहिब 8 से 22 जनवरी तक महाकुंभ प्रयागराज में ज्योतिर्मठ शंकराचार्य शिविर में रहेंगे। वे 9 जनवरी को शंकराचार्य स्वामीश्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज के महाकुंभ प्रवेश की विशाल शोभायात्रा में शामिल होंगे। देश के एक सौ विशिष्ट संत इस शोभायात्रा में शामिल होने के लिए विशेष आमंत्रित किए गए हैं। शोभायात्रा में शंकराचार्य स्वामीश्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज के द्वारा मनोनीत देश के 543 गौ सांसद, हजारों गौ विधायक, गौ पार्षद एवं गौ सरपंच अपने साथियों के साथ सम्मिलित होंगे।

11 जनवरी को ज्योतिर्मठ शंकराचार्य शिविर में उपरोक्त सभी गौ सांसद, गौ विधायक, गौ पार्षद एवं गौ सरपंचों का एक महत्वपूर्ण सम्मेलन होगा। सम्मेलन में शंकराचार्य स्वामीश्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज के मार्गदर्शन में चल रहे गौमाता राष्ट्रमाता अभियान की आगे की कार्ययोजना तय की जाएगी। साईं मसन्द साहिब इस सम्मेलन में अतिथि स्वरूप उपस्थित रहेंगे। 19 जनवरी को शिविर में साईं मसन्द साहिब की पहल पर उत्तर प्रदेश एवं कुछ अन्य प्रदेशों के सिंधी समाज सेवक शंकराचार्य स्वामीश्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज एवं शारदामठ गुजरात के शंकराचार्य स्वामी सदानन्द सरस्वती जी महाराज के साथ बैठक करेंगे। बैठक में भारत को हिन्दू राष्ट्र व विश्वगुरू बनाने की चल रही मुहिम में सिंधी समाज की भूमिका तय की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि सिंधी समाज के विख्यात देशभक्त संत साईं मसन्द साहिब पिछले बारह वर्षों से देश के पूज्यपाद शंकराचार्यों एवं अन्य महान संतों के माध्यम से देश में सनातन वैदिक सिद्धांतों पर आधारित शासन स्थापित करवाकर भारत को पुन: विश्वगुरु बनाने का अभियान चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि सनातन वैदिक सिद्धान्त विश्व स्तर पर एक ओर जहां मानव जीवन को सुखमय, आनंदमय व सर्वगुण सम्पन्न बनाने हेतु जल, थल, नभ से सम्बंधित उसकी समस्त आवश्यकताओं की पूर्ति का दार्शनिक, वैज्ञानिक एवं व्यवहारिक ज्ञान सुलभ कराते हैं वहीं दूसरी ओर वे जीवन के मूल लक्ष्य ईश्वर प्राप्ति का आध्यात्मिक मार्ग भी प्रशस्त करते हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सन् 2030 तक हम भारत को सनातन हिन्दू राष्ट्र एवं विश्वगुरू बना लेंगे।

**-मयंक मसन्द**

## शास्त्रीय भाषा प्राकृत जनभाषा रही है : डॉ. सुनील संचय

### शास्त्रीय भाषा के मापदंड और शास्त्रीय भाषा प्राकृत के प्रति हमारे कर्तव्य और दायित्व विषय पर शोधालेख प्रस्तुत किया

भारत सरकार ने हाल ही में प्राकृत भाषा को शास्त्रीय भाषा का दिया है दर्जा, ढाई हजार वर्ष से अधिक प्राचीन है प्राकृत भाषा

**ललितपुर ( विश्व परिवार )।** परम पूज्य मुनि श्री सुप्रभसागर जी महाराज, परम पूज्य मुनि श्री प्रणतसागर जी महाराज के मंगल सान्निध्य में ब्र. जयकुमार जी निशान्त व डॉ नरेंद्र कुमार जैन गाजियाबाद के निर्देशन तथा डॉ. सुनील जैन संचय ललितपुर के संयोजकत्व में सिद्धक्षेत्र अहार जी (टीकमगढ़) में उत्कर्ष समूह भारत व सिद्धक्षेत्र अहार जी कमेटी के तत्वावधान में 2 व 3 जनवरी 2025 को दो दिवसीय जैन विद्या के विविध आयाम युवा विद्वत्संगोष्ठी एवं विद्वत् सम्मेलन सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ जिसमें 51 विद्वान सम्मिलित हुए। विविध विषयों पर आलेख प्रस्तुत किए गए।



इस संगोष्ठी में युवा मनीषी डॉ. सुनील संचय ललितपुर ने %शास्त्रीय भाषा के मापदंड और शास्त्रीय भाषा प्राकृत के प्रति हमारे कर्तव्य और दायित्व % विषय पर शोधालेख प्रस्तुत करते हुए कहा कि वर्ष 2004 में भारत सरकार ने प्राचीन विरासत को स्वीकार करने और संरक्षित करने के लिए भाषाओं को शास्त्रीय भाषा के रुप में नामित करना शुरू किया था। शास्त्रीय भाषाएं भारत की गहन और प्राचीन सांस्कृतिक विरासत की संरक्षक के रूप में काम करती है, जो प्रत्येक समुदाय के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक मील का पत्थर होती हैं।

3 अक्टूबर 2024 को प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी की अध्यक्षता में आयोजित केबिनेट की बैठक में केंद्र सरकार ने प्राकृत, मराठी, पाली, असमिया और बंगाली को शास्त्रीय भाषा का दर्जा देने की घोषणा की थी। 2004 से अब तक कुल 11 भाषाओं को केंद्र सरकार शास्त्रीय भाषा का दर्जा दे चुकी है।

उन्होंने कहा कि शास्त्रीय भाषा प्राकृत जनभाषा रही है। इस लोकभाषा का समृद्ध साहित्य मौजूद है जिसके अध्ययन के बिना भारतीय संस्कृति, समाज एवं संस्कृति का अध्ययन अपूर्ण रहता है। प्राकृत भाषा, व्याकरण और साहित्य का इतिहास ढाई हजार वर्ष से भी ज्यादा पुराना है। वैदिक काल में भी यह जनभाषा के रूप में विख्यात रही है। भगवान महावीर और महात्मा बुद्ध ने अपने उपदेश इसी भाषा में दिए थे। प्राकृत भाषा से देश की कई भाषाओं उप भाषाओं और बोलियों का विकास हुआ। यह भाषा अनेक चुनोतियों को पारकर वर्तमान में एक सशक्त, जीवंत एवं समृद्ध रूप में हमें प्राप्त होती है।

भारत सरकार ने इस भाषा को शास्त्रीय भाषा घोषित कर स्तुत्य कार्य किया है। हम सभी को इस प्राचीन भाषा के संरक्षण और संवर्द्धन के लिए आगे आना चाहिए।

खुद माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्राकृत भाषा के शास्त्रीय दर्जा प्रदान करने के बाद एक्स पर पोस्ट में लिखा था कि % प्राकृत और पाली भारत की मूल संस्कृति हैं, ये आध्यात्मिकता, ज्ञान और दर्शन की भाषाएं हैं। मुझे विश्वास है कि शास्त्रीय भाषा के रूप में मान्यता देने के कैबिनेट के फैसले के बाद अधिक लोग उनके बारे में जानने के लिए प्रेरित होंगे।

सत्र की अध्यक्षता प्रतिष्ठाचार्य ब्र. जयकुमार निशान्त ने की। इस मौके पर निर्देशक डॉ नरेंद्र कुमार जैन, ब्र. साकेत भैया, मनोज शास्त्री, डॉ निर्मल जैन, मुकेश शास्त्री, संजीव शास्त्री, डॉ आशीष आचार्य, डॉ राजेश शास्त्री, डॉ सचिन शास्त्री, शील चंद्र शास्त्री, अनिल साहित्याचार्य, पंडित मनीष जैन, अखिलेश शास्त्री सहित इक्यावन विद्वान उपस्थित रहे। संचालन शीलचंद्र जैन शास्त्री ने किया।

**सम्मानित हुए :** उत्कर्ष समूह भारत और सिद्धक्षेत्र कमेटी भारत के पदाधिकारियों ने संगोष्ठी के कुशल संयोजन और शोधालेख प्रस्तुति के लिए डॉ सुनील संचय का तिलक, माला, शाल, श्रीफल, साहित्य, स्मृति चिन्ह, प्रमाण पत्र भेंटकर सम्मानित किया। **-सुनील जैन**

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा आसमां पब्लिसर्स इंडिया प्रा.लि. पंजाब नेशनल बैंक के सामने, जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354

## संक्षिप्त समाचार

### जिला स्तरीय युवा उत्सव में युवाओं ने दिखाई प्रतिभा

**कांकेर(विश्व परिवार)।** जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन शनिवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में कांकेर विधायक आशाराम नेताम की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस दौरान उन्होंने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवा शक्ति ही समाज और देश की दिशा और दशा तय करती है। उन्होंने आगे कहा कि युवा वर्ग अपनी प्रतिभा को उचित दिशा देकर लक्ष्य को हासिल कर सकता है। नरहरदेव शासकीय उच्चतर विद्यालय में आयोजित युवा उत्सव में शामिल होने आए प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए विधायक नेताम ने अपने संबोधन में कहा कि युवावस्था ही भविष्य संवारने की सही अवस्था है और जिसने इसका महत्व समझ लिया वह इसका सदुपयोग करके अपने जीवन की श्रेष्ठता हासिल कर लेता है। इस दौरान उन्होंने सभी प्रतिभागियों को विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। इसके पहले, कांकेर विधायक ने कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियो हेतु आयोजित गौ विज्ञान परीक्षा में भाग लिया, जिसका निरीक्षण विधायक नेताम ने किया। तत्पश्चात विभिन्न स्कूलों द्वारा लगाई गई विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन कर उन्होंने स्मार्ट स्ट्रीट लाइट, इलेक्ट्रिक बेल, वेस्ट-टू-एनर्जी संयंत्र, पवन चक्की इत्यादि का स्कूली छात्रों द्वारा तैयार किए गए उत्कृष्ट मॉडल के लिए उन्हें शुभकामनायें दी। खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी संजय जैन ने बताया कि जिला स्तरीय युवा महोत्सव में विभिन्न कार्यक्रम में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी 12 से 14 जनवरी तक होने वाले राज्योत्सव कार्यक्रम में शामिल होंगे।

### मामूली विवाद पर हत्या हत्यारा भेजा गया जेल

**जशपुर(विश्व परिवार)।** जशपुर सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम डोड़काचौरा में मामूली बात पर युवक के साथ मारपीट तथा उसकी गला दबाकर हत्या करने वाले आरोपी को पुलिस ने चंद घंटों के भीतर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 03.01.2025 को एक महिला ने थाना जशपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका भाई लक्ष्मी नारायण भगत उम्र 39 साल अपने घर में अकेले रहता था, वह दिनांक 02.01.2025 के लगभग 10 बजे गांव में एक किराना दुकान में सामान लेने के लिए गया था, उस दौरान वह दुकान में सामान लेने आई अन्य महिला के साथ बात कर रहा था, उन्हें देखकर सुखनाथ भगत बोला कि तुम्हारी पत्नी मर गई है, तुम दूसरे की पत्नी के साथ घूम रहे हो। इसी बात पर लक्ष्मी नारायण भगत एवं सुखनाथ भगत का जमकर विवाद हुआ। फिर सुखनाथ भगत ने लक्ष्मी नारायण भगत का गला दबाकर जमीन में पटक दिया, पैर से पेट तथा अन्य जगह में मारपीट किया। इसके बाद उसी दिनांक की रात्रि लगभग 09:40 बजे लक्ष्मी नारायण भगत की मृत्यू हो गई। प्रार्थी की उक्त रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली जशपुर में धारा 103(1) बीएनएस का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की विवेचना दौरान दबिश देकर प्रकरण के आरोपी सुखनाथ भगत को अभिरक्षा में लेकर थाना लाया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। मामले में आरोपी सुखनाथ भगत उम्र 40 साल निवासी डोड़काचौरा थाना सिटी कोतवाली जशपुर के विरूद्ध अपराध सबूत पाये जाने पर उसे गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

### बिहान योजना से सुषमा पैंकरा हुई आत्मनिर्भर

**जशपुर(विश्व परिवार)।** रोज रोज घर का काम, खेती के मौसम में अपने खेत में काम और पति के काम में जाने के बाद दिन में आराम, यही बगीचा तहसील के ग्राम बगडोल में रहने वाली सुषमा पैंकरा के हर की दिनचर्या हुआ करती थी और हमेशा दिल में इस रंगहीन जीवन चक्र को तोड़ कर कुछ नया करने की चाह सुषमा के दिल में रहा करती थी। ऐसे में उसके गांव में जब राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन 'बिहान' के अधिकारी आये तो उनके मन में कुछ करने की इच्छा फिर से जागी। ग्राम की महिलाओं के साथ जुड़कर उन्होंने द्वीप स्व सहायता समूह में कार्य करना प्रारम्भ किया। पहले तो आय सीमित हुआ करती थी तब सुषमा ने कुछ नया करने की सोची। उन्हें बिहान के माध्यम से सरल ब्याज दरों पर ऋण प्राप्त हुआ तो उन्होंने अपने घर पर ही छोटा सा किराना दुकान खोल लिया। किराना दुकान में धीरे धीरे चलने लगी और घर में स्थायी आमदनी का जरिया बन गया। इस संबंध में सुषमा ने बताया कि पहले तो घर में मेरा योगदान केवल घरेलू कार्यों और खेती बाड़ी तक ही सीमित हुआ करता था। जब से बिहान योजना से मैं जुड़ी तो लोगों से मिलने और जानने का मौका मिला। मुझे बहुत सारी चीजें जानने को मिलीं। तब मुझे बिहान द्वारा ऋण प्राप्ति की जानकारी मिली। ऋण से मैंने दुकान खोली जिससे मेरी आर्थिक स्थिति सुदृढ हुई। अब मैं अपने बच्चों को अच्छे स्कूलों में पढ़ा रहीं हूँ और बिहान की ओर से लखपति दीदी भी बन गयी हूँ। उज्ज्वला योजना से मुझे गैस कनेक्शन भी मिला है और महतारी वंदन योजना का भी लाभ मिल रहा है। जिससे अब मेरी आर्थिक स्थिति और भी सुदृढ हो गयी है।

# सैर-सपाटे के साथ पिकनिक का नया डेस्टिनेशन तिरिया

**वन विभाग पर्यटन समिति के माध्यम से कर रही पर्यटक सुविधाओं को विकसित**



**जगदलपुर(विश्व परिवार)।** नव वर्ष के आगमन के साथ ही बस्तर जिले का नया पर्यटन स्थल तिरिया पर्यटकों के लिए आकर्षण का मुख्य केंद्र बन गया है। हरे-भरे जंगल, शांत वातावरण और प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर यह स्थान लोगों को शहरी जीवन की भाग-दौड़ से दूर शांति और सुकून का अनुभव करा रहा है। तिरिया अपनी प्राकृतिक झरनों, घने जंगलों और पहाड़ियों के लिए प्रसिद्ध है। यह सैर सपाटे और पिकनिक के लिए एक नया डेस्टिनेशन के रूप में विकसित हो रहा है। नव वर्ष की छुट्टियों में यहां बड़ी संख्या में पर्यटक अपने परिवार और दोस्तों के साथ प्रकृति का आनंद लेने पहुंच रहे हैं। इसे मद्देनजर रखते हुए प्रशासन द्वारा स्थानीय पर्यटन समिति के माध्यम से इस पर्यटन स्थल की विशेष रूप से साफ-सफाई और सुरक्षा व्यवस्था के लिए आवश्यक पहल किया गया है, जिससे पर्यटकों को सहूलियत हो सके। संभागीय मुख्यालय जगदलपुर से करीब 40 किलोमीटर वनांचल में स्थित तिरिया तक दुपहिया या टैक्सी के माध्यम से आसानी के साथ पहुंचा जा सकता है। स्थानीय पर्यटन समिति के सदस्य लोकूराम बताते हैं कि शासन द्वारा ग्रामसभा को सामुदायिक वन संसाधन पत्र प्रदान किया गया है। जिससे उनकी समिति के युवा यहां पर्यटकों को बम्बू राफ्टिंग और नौका विहार करवा रहे हैं। साथ ही पर्यटकों को स्थानीय व्यंजन परोस कर उन्हें पारम्परिक बस्तरिया स्वाद से वाकिफ करवा रहे हैं। इसके जरिए समिति के युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध हो रहा है और अच्छी आमदनी भी हो रही है। उन्होंने बताया कि तिरिया पर्यटन स्थल का प्राकृतिक सौंदर्य सालभर पर्यटकों को आकर्षित करता है, लेकिन सर्दियों के मौसम में इसकी खूबसूरती और भी निखर जाती है। झरनों से गिरता हुआ पानी और हरियाली का दृश्य एक अद्भुत अनुभव प्रदान करता है। वन विभाग ने पर्यटन समिति के युवाओं के जरिए इस बार तिरिया में कई नई सुविधाएं भी जोड़ी हैं, जिनमें बेहतर पार्किंग सुविधा, बम्बू राफ्टिंग, नौका विहार और गाइड सेवाएं शामिल हैं। इसके अलावा, स्थानीय व्यंजन और स्थानीय संस्कृति से रूबरू करा रहे हैं। पर्यटन समिति आगामी दिनों में ट्रैकिंग और कैम्पिंग की सुविधाएं मुहैया कराने की तैयारी कर रही है। पर्यटकों ने इस स्थल की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह जगह न केवल प्रकृति प्रेमियों के लिए खास है, बल्कि पिकनिक मनाने वाले लोगों का भी पंसदीन्दा स्थल बन चुका है। ट्रैकिंग और कैम्पिंग जैसी गतिविधियों के शुरू होने से अधिकाधिक युवा वर्ग तिरिया में ज्यादा आकर्षित होंगे। पर्यटन समिति के युवा पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास को ध्यान में रखते हुए तिरिया को विकसित करने की योजना बनाई है। इस पहल से स्थानीय रोजगार को भी बढ़ावा मिलेगा। पर्यटन समिति द्वारा यहां पर स्वच्छता एवं साफ-सफाई रखने के लिए पर्यटकों से अपील करते हुए प्रकृति के इस अनुपम धरोहर के संरक्षण में सहभागी बनने का आग्रह किया गया है।

## गिफ्ट वार्म्थ' उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने छत्तीसगढ़ में लॉन्च किया रीन्यू का विंटर सपोर्ट कैंपेन

**रायपुरः** विकार्बोनीकरण समाधानों में अग्रणी कंपनी रीन्यू एनर्जी ग्लोबल पीएलसी ने अपने सालाना अभियान 'गिफ्ट वार्म्थ' के 10वें संस्करण का लॉन्च किया, जिसका उद्देश्य सर्दियों के महीनों में ज़रूरतमंद समुदायों को सहयोग प्रदान करना है। इस साल रीन्यू 9 राज्यों में 200,000 कंबल वितरित कर रही है। इस पहल के तहत कंपनी ने गुरूवार, 2 जनवरी को छत्तीसगढ़ के कबीरधाम ज़िले में 4000 कंबल बांटे। राज्य के माननीय उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा भी इस अवसर पर मौजूद रहे और ज़रूरतमंद लोगों को कंबल बांटे। इस प्रयास के साथ रीन्यू द्वारा वितरित कंबलों की संख्या 1 मिलियन के आंकड़े तक पहुंच जाएगी। रीन्यू स्थानीय अधिकारियों और अपने कर्मचारियों के साथ काम करते हुए इस अभियान की प्रभावी पहुंच को सुनिश्चित करता है। उन लोगां और समुदायों को कंबल पहुंचाता है, जो शीत लहर से सबसे ज़्यादा



प्रभावित हैं। कंबल वितरण की शुरूआत ज़िला स्तर पर होगी, जिसमें रायपुर एवं आस-पास के सबसे वंचित लोगों पर ध्यान केन्द्रित किया जाएगा। रीन्यू के कर्मचारी कंबल वितरण के लिए रात्रि अभियानों का संचालन करेंगे तथा दान के माध्यम से आश्रयस्थलों को सहयोग भी प्रदान करेंगे। श्रीमति वैशली निगम सिन्हा, सह-संस्थापक एवं चेयरपर्सन सस्टेनेबिलिटी, रीन्यू ने कहा, ''गिफ्ट वार्म्थ ज़रूरतमंद समुदायों के जीवन में बदलाव लाने की रीन्यू की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। पिछले सालों के दौरान, यह पहल कंबल दान अभियान से कहीं आगे बढ़ चुकी है, यह समाज के प्रति सहानुभुति और देखभाल दर्शाने का सामुहिक प्रयास है। इस साल हम अभियान के दसवें संस्करण का संचालन कर रहे हैं, मैं रीन्यू के कर्मचारियों और उनके परिवारों के समर्पण से प्रेरित हूं, जो हर साल इस अभियान के लिए एकजुट होकर काम करते हैं।' सस्टेनेबल डेवलपमेन्ट की दिशा में सामुदायिक प्रयासों के अनुरूप छोटे व्यवसायों से कंबल खरीदकर रीन्यू स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा देती है। 'गिफ्ट वार्म्थ' अभियान की शुरूआत 2015 में यह सुनिश्चित करने के लिए की गई कि कोई भी व्यक्ति ठंड में परेशान न हो।

## कश्मीर भारत का अभिन्न अंग था, है और रहेगा; जिस धारा ने कश्मीर को भारत से अलग करने का प्रयास किया, समय ने उसी धारा को हटा दिया: अमित शाह

**रायपुर।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने 'जम्मू-कश्मीर एवं लद्दाखः सातत्य और सम्बद्धता का ऐतिहासिक वृत्तांत' पुस्तक के विमोचन के दौरान यह स्पष्ट किया कि 'आजादी के बाद दशकों तक कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने जम्मू-कश्मीर को भारत से अलग करने का प्रयास किया। लेकिन, अमृतकाल में धारा 370 नामक उस नासूर को ही समाप्त कर दिया गया, जिसके बल पर जम्मू-कश्मीर को भारत से अलग करने का प्रयास किया जा रहा था।' प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में कश्मीर में आतंकवाद के इकोसिस्टम को पूरी तरह समाप्त कर, शांति और स्थिरता को मजबूती देने का अभूतपूर्व काम किया



गया है। धारा 370 खत्म होने के बाद कश्मीर में आतंकी घटनाओं में 70त्न से अधिक कमी हुई है और ये सिद्ध करता है कि धारा 370 आंतकवाद की पोषक थी। कश्मीर में पथराव की 2018 में 2,100 घटनाएँ हुईं, जबकि 2023 में एक भी घटना नहीं हुई है। 33 साल बाद कश्मीर घाटी में थियेटर में नाइट शो चला है, ताजिया का जुलूस निकला है और श्रीनगर के लाल चौक पर कृष्ण जन्माष्टमी की झांकी देखने को मिली है।

### पब्लिक गार्डन पर हो रहा अवैध कब्जां

**कोरबा(विश्व परिवार)।** नगर के वरिष्ठ अधिवक्ता धनेश कुमार सिंह ने एक बार पुनः अपने जिम्मेदार नागरिक होने का फर्ज अदा करते हुए नगर निगम के अधिकारियों का ध्यान सोनालिया रेलवे क्रॉसिंग के पास बने पब्लिक गार्डन में हो रहे अवैध कब्जे की ओर दिलाया है। उन्होंने कहा है कि गार्डन में रातों-रात एक मूर्ति रखकर चालू कर दी गई है। वहीं ओपन जिम के उपकरण अस्त-व्यस्त पड़े हुए हैं। कोरबा शहर में वैसे भी जगह की कमी की वजह से पब्लिक गार्डन बहुत कम है। है भी तो बहुत छोटे ऐसी स्थिति में पब्लिक गार्डन में अवैध कब्जा किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने इसकी शिकायत 2 दिन पूर्व ऑनलाइन शिकायत निवारण में भी किया था। जिस पर आज दिनांक तक कोई कार्रवाई नहीं हुई जिस पर उन्होंने पुनरू अधिकारियों का ध्यान आकर्षित करते हुए त्वरित कार्रवाई की मांग की है तथा हो रहे अवैध कब्जों को हटाने की मांग की है ताकि भविष्य में होने वाले परेशानियों से बचा जा सके।

## छत्तीसगढ़ में शौण्डिक समाज का 2 दिवसीय भव्य सम्मेलन, मुख्यमंत्री सहित कई गणमान्य लोग होंगे शामिल

**अखिल भारतीय शौण्डिक राष्ट्रीय सम्मेलन और सम्मान समारोह का आयोजन, समाज की एकता और विकास पर होगा मंथन**

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में 11 और 12 जनवरी 2025 को 2 दिवसीय अखिल भारतीय शौण्डिक राष्ट्रीय सम्मेलन सह सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम अखिल भारतीय शौण्डिक संघ के तत्वावधान में विधानसभा रोड स्थित लोटस रिसॉर्ट में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मुख्य आतिथ्य में आयोजित होगा।



आपको बता दें कि, कुछ दिन पहले प्रदेश अध्यक्ष श्री शिवरतन प्रसाद गुप्ता, प्रदेश संयोजक श्री श्याम किशोर गुप्ता, प्रमुख सलाहकार श्री ओम प्रकाश गुप्ता और श्री सुरेश प्रसाद गुप्ता सहित शौण्डिक समाज के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया था। मुख्यमंत्री ने इस आमंत्रण को स्वीकार करते हुए सम्मेलन की सफलता की कामना की थी। शौण्डिक समाज का यह सम्मेलन समाज की एकता, समृद्धि और योगदान पर केंद्रित होगा। कार्यक्रम में समाज के प्रमुख मुद्दों पर चर्चा के साथ सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और सम्मान समारोह का भी आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन में भारत के विभिन्न राज्यों के अलावा पड़ोसी देश नेपाल, मॉरिषस से भी सजातीय बंधु भाग लेने आ रहे है। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में 11 जनवरी को सुबह 11 बजे छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय मुख्य अतिथि होंगे। अध्यक्षता अखिल भारतीय शौण्डिक संघ के सभापति प्रो. राम अवतार महतो करेंगे। अति विशिष्ट अतिथियों में डॉ. पूर्णेदु सक्सेना, क्षेत्र संघचालक (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) और मंत्री श्री रामविचार नेताम एवं रायपुर के सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल शामिल होंगे।

# पत्रकार मुकेश की हत्या मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने प्रेसवार्ता में किया खुलासा**

**फारेंसिक टीम द्वारा साईंटिफिक एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर की जा रही है विवेचना।**

**ठेकेदार सुरेश चन्द्रकार एवं अन्य आरोपियों के समस्त संपत्तियों एवं बैंक खातों के सबंध में सम्पूर्ण जानकारी पुलिस एवं जिला प्रशासन द्वारा खंगाला जा रहा है।**



**बीजापुर(विश्व परिवार)।** बीजापुर के पत्रकार मुकेश चंद्रकार हत्याकांड के संबंध में बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने प्रेसवार्ता आयोजित कर पत्रकारों को घटना के बारे में बताया कि पत्रकार मुकेश चंद्रकार,के 1 जनवरी की रात के लगभग 8.30 बजे से अपने घर से लापता होने के संदर्भ में उनके बड़े भाई युकेश चंद्राकर ने थाना कोतवाली बीजापुर में 2 जनवरी 25 के रात्रि 07.30 बजे सूचना दी। सूचना पर तत्काल थाना कोतवाली बीजापुर में गुम इंसान क्रमांक 01/2025 दर्ज कर जांच में लिया गया।पुलिस अधीक्षक बीजापुर द्वारा पत्रकार मुकेश चंद्रकार पिता स्व चेन्ना चंद्रकार उम्र 32 वर्ष निवासी बासागुड़ा हाल पुजारीपारा बीजापुर के लापता होने की सूचना मिलने पर तत्काल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक युलैंडन यार्क के नेतृत्व में थाना प्रभारी कोतवाली बीजापुर निरीक्षक दुर्गेश शर्मा समेत अन्य अधिकारियों की 3 टीम का गठन गुम इंसान पतासाजी हेतु की गई।जांच के दौरान मुकेश चंद्रकार के रिश्तेदार, मीडिया साथियों से मुकेश चन्द्रकार के गुम होने के सबंध में पूछताछ किया गया। पूछताछ पर संदेह में आए व्यक्तियों की सीडीआर एवं लोकेशन लिये गये। मृतक के लास्ट लोकेशन के आधार पर 2 जनवरी 25 के रात में ही चट्टान पारा स्थित ठेकेदार सुरेश चन्द्रकार के बाड़ा के सभी रूम को खुलवाकर चेक किया गया।तकनीकी साक्ष्य एवं पूछताछ के माध्यम से प्राप्त जानकारी के अनुसार अलग-अलग जगहों पर खोजबीन की गई। 3 जनवरी 25 को मुकेश चन्द्रकार के सकुशल पतासाजी के हरसंभव प्रयास किये गये। अनहोनी के आशंका को भापते हुऐ सुरेश चन्द्रकार के बाड़ा में बैडमिंटन कोर्ट में नये फ्लोरिंग हुए सेप्टीक टैंक को देखकर हालात से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुऐ दोपहर लगभग 2:30 बजे तहसीलदार एवं एफएसएल टीम की मौजुदगी में नये फ्लोरिंग स्थान को जेसीबी की मदद से तोड़कर पुराने संरचना में से टैंक के ढक्कन को खोला गया।सेप्टीक टेंक का ढक्कन खोलने पर टेंक से 1 पुरूष का शव दिखा जिसके हाथ में बने टेटू से शव का शिनाख्त गुम इंसान पत्रकार मुकेश चन्द्रकार के रूप में हुई। फॉरेंसिक टीम द्वारा शव पंचनाम के दौरान प्रथम दृष्टया से पाया गया मृतक की सिर, पीठ, पेट एवं सीने में कठोर एवं ठोस हथियार से वार कर किया गया था। शव पंचनामा के पश्चात 4 जनवरी 25 को पोस्टमार्टम कार्यवाही की गई।

## व्यापार समाचार

### एसबीआई ने अपने ग्राहकों के लिए लॉन्च की दो नई डिपॉजिट स्कीम

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** देश के सबसे बड़े पब्लिक सेक्टर बैंक एसबीआई ने अपने ग्राहकों के लिए दो नई डिपॉजिट स्कीम, हर घर लखपति और एसबीआई पैट्रन्स की घोषणा की है। एसबीआई की डिपॉजिट में लगभग 23 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी है। इन इनोवेटिव पेशकश के साथ बैंक इनोवेशन को प्राथमिकता देने की ओर अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हर घर लखपति एक प्री-कैलकुलेट रिकरिंग डिपॉजिट स्कीम है, जिसे ग्राहकों के लिए 1,00,000 और इसके मल्?टीपल में सेव्ि?ंग करने के लिए डिजाइन किया गया है। इस प्रोडक्ट के साथ ग्राहक अपने वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए योजना और बचत पर ध्यान दे सकते हैं। एसबीआई की यह योजना 18 वर्ष से कम उम्र के आयु वर्ग के लिए भी पेश की गई है, ताकि यह वर्ग भी अपनी फाइनेंशियल प्लानिंग और सेविंग पर छोटी उम्र से ही काम कर सके। एसबीआई ने 80 वर्ष और उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष टर्म डिपॉजिट स्कीम एसबीआई पैट्रन्स भी शुरू की है। इस प्रोडक्ट के साथ बैंक बढ़ी हुई ब्याज दरें ऑफर कर रहा है। बैंक की यह स्कीम मौजूदा और नए टर्म डिपॉजिट ग्राहकों दोनों के लिए उपलब्ध है। भारतीय स्टेट बैंक के अध्यक्ष सीएस सेट्टी ने कहा, हमारा उद्देश्य गोल-ओरिएंटेड डिपॉजिट प्रोडक्ट बनाना है, जो न केवल वित्तीय रिटर्न को बढ़ाए बल्कि हमारे ग्राहकों की आकांक्षाओं के अनुरूप भी हो। हम पारंपरिक बैंकिंग को और अधिक समावेशी (इनक्लूसिव) और प्रभावशाली बनाने के लिए इसे फिर से परिभाषित कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, हम 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में भारत की विकास यात्रा में योगदान देने के लिए वित्तीय समावेशन (फाइनेंशियल इन्क्लूशन) और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इन प्रोडक्ट के लॉन्च के साथ एसबीआई ग्राहक-केंद्रित समाधान प्रदान करने के लिए अपने समर्पण की पुष्टि करता है, जो विभिन्न वित्तीय उद्देश्यों को पूरा करता है।

### सैमसंग इंडिया ने बिग टीवी डेज़ कैम्पेन की घोषणा की, एआई-पावर्ड प्रीमियम टीवी की रेंज पर आकर्षक ऑफर्स का लाभ उठाएं

**गुरुग्राम:** भारत का सबसे बड़े कंज्यू मर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड, सैमसंग ने नए साल और गणतंत्र दिवस के मौके पर 'बिग टीवी डेज़' कैम्पेसन लॉन्च किया है। इसमें बड़े स्क्रीन वाले प्रीमियम टीवी पर शानदार ऑफर्स दिए जा रहे हैं। इनमें नियो क्यूएलईडी 8 के, नियो क्यूएलईडी 4 के, ओएलईडी और 4 के यूएचडी टीवी के मॉडल शामिल हैं। यह कैम्पेरन 3 जनवरी से 31 जनवरी 2025 तक चलेगा। जो उपभोक्ता अपने घर पर मनोरंजन के अनुभव को और बेहतर बनाना चाहते हैं, वे इस अविश्सवनीय मौके का लाभ उठा सकते हैं। सैमसंग चुनिंदा खरीदारी पर 2,04,990 रुपये तक का मुफ्त टीवी और 99,990 रुपये तक के मुफ्त साउंडबार्स दे रहा है। सैमसंग के प्रीमियम टीवी देश भर में लोगों के लिए टीवी देखने के अनुभव को बेहतर बना रहे हैं। यह एआई अपस्केलिंग और शानदार तकनीक से लैस हैं। इनसे तस्वीरें और अधिक स्पष्ट, साफ और असली लगती हैं। नए साल में सैमसंग उपभोक्ताओं को क्रांतिकारी ऑडियो-विजुअल अनुभव देने के लिए तैयार है। ग्राहक 20 प्रतिशत तक कैशबैक, ज़ीरो डाउन पेमेंट और 30 महीने तक की सबसे कम ईएमआई का लाभ उठा सकते हैं। ये आकर्षक ऑफर्स Samsung.com, प्रमुख ऑनलाइन पोर्टल्स और भारतभर के सैमसंग रिटेल आउटलेट्स पर उपलब्ध हैं। सैमसंग इंडिया में विजुअल डिस्प्ले बिजनेस के सीनियर डायरेक्टउर विप्लेश डांग ने कहा, सैमसंग में हम अपने 'बिग टीवी डेज़' कैम्पेनन के साथ घरेलू मनोरंजन को एक नई परिभाषा दे रहे हैं। लोगों को एआई से लैस प्रीमियम टीवी पर शानदार डील देकर हम ग्राहकों के अनुभव को और बेहतर बना रहे हैं। ये टीवी शानदार तस्वीर, जबर्दस्त आवाज और स्मार्ट कनेक्टिविटी के साथ आपके लिविंग रूम को सिनेमाहॉल में बदल देते हैं। सैमसंग टीवी दिखने में जितने शानदार और स्टाइलिश हैं, उतने ही सुरक्षित भी हैं। इनमें एक विशेष सुरक्षा प्रणाली सैमसंग नॉक्स होती है, जो आपके डेटा और निजी जानकारी को सुरक्षित रखती है। सैमसंग ग्राहकों को एक नया, बेहतर और और रोमांचक अनुभव प्रदान कर काफी उत्साहित है। इससे उनका टीवी देखने का मजा और भी दोगुना हो जाएगा। नए साल में सैमसंग के इस टीवी की खरीदारी कर यूजर अतिरिक्त लाभ उठा सकते हैं।''

### रुपये में लगातार गिरावट के बीच फिर घटा देश का विदेशी खजाना

**मुंबई( एजेंसी )।** भारतीय रिजर्व बैंक के लेटेस्ट आंकड़ों के अनुसार 27 दिसंबर को समाप्त सप्ताह के दौरान भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 4.112 बिलियन डॉलर घटकर 640.279 बिलियन डॉलर रह गया, जो आठ महीने का सबसे निचला स्तर है. पिछले सप्ताह, कुल भंडार 8.478 बिलियन डॉलर घटकर 644.391 बिलियन डॉलर रह गया था. पिछले कुछ सप्ताहों से भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट आ रही है. इस गिरावट का कारण रुपये में अस्थिरता को कम करने में मदद करने के लिए आरबीआई द्वारा विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप के साथ-साथ पुनर्मूल्यांकन को माना जा रहा है. सितंबर के अंत में विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 704.885 बिलियन डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था. फिनरेक्स ट्रेजरी एडवाइजर्स एलएलपी के ट्रेजरी प्रमुख और कार्यकारी निदेशक अनिल कुमार भंसाली ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा 4.641 अरब डॉलर की बिक्री के कारण विदेशी मुद्रा भंडार 4.112 अरब डॉलर घटकर 640.279 अरब डॉलर रह गया. उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि आरबीआई महीने के अंत में मैच्योर होने वाली अपनी शॉर्ट डॉलर पोजीशन को बंद करने के लिए एनडीएफ (नॉन-डिलीवरेबल फॉरवर्ड)/वायदा में डॉलर खरीद रहा था. यह वह सप्ताह था जब रुपया 84.99 से गिरकर 85.82 पर आ गया और फिर 85.5325 पर बंद हुआ.

### सरकार ने डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन नियमों का ड्राफ्ट किया जारी

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने डिजिटल पर्सनल डेटा सुरक्षा एक्ट के लिए ड्राफ्ट नियम जारी किए हैं, जिसके अनुसार डेटा फिड्युसरी (एक ऐसी संस्था या व्यक्ति, जो



## भारत का कप्तान बनना आसान नहीं, युवाओं को करनी होगी कड़ी मेहनत : रोहित शर्मा

**सिडनी( एजेंसी )।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच सिडनी में खेले जा रहे पांचवें टेस्ट मैच में कप्तान रोहित शर्मा को आराम दिया गया है। उनकी जगह इस टेस्ट मैच में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह कप्तानी कर रहे हैं। इसी बीच रोहित शर्मा ने कहा कि भारतीय टीम का नेतृत्व करने के लिए टीम में शामिल नए खिलाड़ियों को कड़ी मेहनत करनी होगी। रोहित शर्मा बॉर्डर-गावस्कर सीरीज में खराब फॉर्म से गुजर रहे हैं। उनकी बल्लेबाजी में वह धार नहीं दिखाई दे रही है जैसी उनसे अपेक्षा की जाती है। सीरीज में रोहित शर्मा की बल्लेबाजी पर सवाल भी उठ रहे हैं। इस बीच अंतिम टेस्ट मैच में रोहित शर्मा को आराम दिया गया है। रोहित ने लंच ब्रेक के दौरान ब्रॉडकास्टर स्टार स्पोर्ट्स से बातचीत में एक सवाल के जवाब में कहा, यह कहना बहुत मुश्किल है। बहुत से लड़के हैं, लेकिन मैं चाहता हूं कि वे पहले क्रिकेट के महत्व को समझें और इस जगह के महत्व को भी समझें। वे नए लड़के हैं, और मुझे पता है कि उन्हें जिम्मेदारी दी जानी चाहिए। लेकिन उन्हें इसे कमाना होगा। जैसे, मैं अब यहां हूं। बुमराह यहां हैं। विराट (कोहली) उनसे पहले यहां थे। एमएस धोनी उनसे पहले यहां थे। हर किसी ने इसे कमाया है। किसी को भी यह थाली में परोस कर नहीं मिला है, और किसी को भी इसे ऐसे ही नहीं मिलना चाहिए। उन्हें कड़ी मेहनत करनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा, लड़कों में बहुत प्रतिभा है। लेकिन साथ ही मैं यह भी कहना चाहता हूं कि भारत का कप्तान बनना आसान नहीं है। दबाव तो है, लेकिन यह बहुत बड़ा सम्मान है। हमारा इतिहास और जिस तरह से हम क्रिकेट खेलते हैं, उसमें दोनों के कंधों पर बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। इसलिए उन्हें इसे हासिल करने दें। बुमराह की कप्तानी पर रोहित शर्मा ने कहा, बेशक, उनके पास खेल के बारे में बहुत सारे विचार हैं। जिस तरह से वह दूसरों के लिए अपनी गेंदबाजी का उदाहरण पेश करते हैं, वह बेहतरीन है। उनमें वह बेहतरीन क्षमता है, वह खेल को समझते हैं और हमेशा टीम को आगे रखते हैं। मैं पिछले 11 सालों से उन्हें देख रहा हूं। मैंने उन्हें पहली बार 2013 में देखा था। उनका ग्राफ भी ऊपर गया है। उन्होंने अपने खेल, अपनी सोच में बहुत विकास किया है। जिस तरह से वह गेंदबाजी कर रहे हैं, उसे पूरी दुनिया देख रही है।

## सिडनी टेस्ट: ऋषभ पंत ने जड़ा भारत के लिए दूसरा सबसे तेज अर्धशतक


**सिडनी( एजेंसी )।** भारतीय क्रिकेट टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने शनिवार को ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के खिलाफ सिडनी में जारी दूसरे टेस्ट में भारत की दूसरी पारी में धमाकेदार अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए अर्धशतक (61) जड़ा। यह उनके टेस्ट करियर का 15वां और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरा अर्धशतक रहा, जिसे उन्होंने केवल 29 गेंदों में पूरा किया। इसके साथ ही वह भारत के लिए दूसरा सबसे तेज अर्धशतक जड़ने वाले बल्लेबाज भी बन गए हैं। पंत 59 रन पर तीसरा विकेट गिरने के बाद बल्लेबाजी करने आए। उन्होंने रविंद्र जडेजा के साथ 5वें विकेट के लिए 46 रन की ताबड़ोड़ साझेदारी निभाई। वह अपनी पारी में 33 गेंदों में 6 चौके और 4 छक्कों की मदद से 61 रन बनाकर पैट कमिंस का शिकार बने। बता दें कि भारत के लिए सबसे तेज टेस्ट अर्धशतक का रिकॉर्ड भी पंत के नाम है। उन्होंने 2022 में श्रीलंका के खिलाफ 28 गेंदों में यह कारनामा किया था। पंत ने भारत



के लिए पहला टेस्ट मैच साल 2018 में खेला था। अभी तक इस खिलाड़ी ने 43 मुकाबले खेले हैं और इसकी 75 पारियों में 42.11 की औसत से 2,948 रन बनाए हैं। इसमें 6 शतक और 15 अर्धशतक शामिल है। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 159* रन का रहा हैं। इसी तरह वह विकेट के पीछे भी 163 शिकार कर चुके हैं, जिसमें उन्होंने 148 कैच लपके हैं और 15 खिलाड़ियों को स्टंप आउट किया है।

## कृष्णा ने कहा, बुमराह की पीठ में ऐंठन थी और स्कैन के लिए गए थे

**सिडनी( एजेंसी )।** भारत के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने पुष्टि की है कि कप्तान जसप्रीत बुमराह को शनिवार को सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें टेस्ट के दूसरे दिन पीठ में ऐंठन के बाद स्कैन के लिए ले जाया गया था। कृष्णा ने कहा कि मेडिकल टीम उनकी निगरानी कर रही है और बुमराह के स्वास्थ्य पर अपडेट जारी करेगी। कृष्णा ने शनिवार को खेल समाप्त होने के बाद संवाददाताओं से कहा, हां, उन्हें (बुमराह) पीठ में ऐंठन थी और वे स्कैन के लिए गए थे। मेडिकल टीम उनकी निगरानी कर रही है, इसलिए जब भी मेडिकल टीम हमसे संपर्क करेगी, हमें (अधिक) जानकारी मिलेगी। बुमराह टीम के



डॉक्टर और एक सुरक्षा अधिकारी के साथ स्टेडियम से बाहर निकले, जैसा कि लाइव प्रसारण में दिखाया गया। तेज गेंदबाज ने सिर्फ एक ओवर फेंका, जिसमें उनकी गति कम थी और दूसरे दिन के खेल के दूसरे सत्र के दौरान विराट कोहली के साथ संक्षिप्त चर्चा के बाद मैदान से चले गए। अब तक के दौरे में बुमराह ने नौ पारियों में 152.1 ओवर फेंके हैं। बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया की पारी में 10 ओवर में 2-33 विकेट लिए, जो अंतत: 181 पर समाप्त हुई। उन्होंने पहले दिन की अंतिम गेंद पर उस्मान ख्वाजा को आउट करके और फिर दूसरे दिन के खेल की शुरुआत में मार्नस लाबुशेन को विकेट के पीछे कैच कराकर एक बड़ा झटका दिया। बुमराह 32 विकेट लेकर सीरीज में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। बुमराह ने बिशन सिंह बेदी के 31 विकेटों के रिकॉर्ड को भी पीछे छोड़ दिया और ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज में भारत के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए।

## जनवरी-नवंबर 2024 में अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर 64 .5 मिलियन यात्रियों ने की यात्रा

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** नागरिक उड्डयन मंत्रालय के अनुसार, जनवरी-नवंबर 2024 की अवधि में शेड्यूल भारतीय और विदेशी ऑपरेटरों द्वारा अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर कुल 64.5 मिलियन यात्रियों को ले जाया गया। 2023 में समान अवधि में 58 मिलियन यात्रियों ने हवाई सफर किया था, जो 2024 में 11.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। आंकड़ों से पता चलता है कि पिछले साल 64.5 मिलियन यात्रियों में से 29.8 मिलियन यात्रियों को भारतीय ऑपरेटरों द्वारा ले जाया गया था, जबकि 34.7 मिलियन यात्रियों को विदेशी ऑपरेटरों द्वारा ले जाया गया था। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) द्वारा साझा किए गए पहले के आंकड़ों के अनुसार, जनवरी-नवंबर की अवधि में घरेलू एयरलाइंस ने कुल 1.02 मिलियन उड़ानें संचालित कीं, जिनमें कुल 146.4 मिलियन यात्री सवार थे। पिछले वर्ष 2023 (जनवरी-नवंबर) के दौरान 0.97 मिलियन उड़ानों में कुल 138.2 मिलियन शेड्यूल यात्री सवार



थे। मंत्रालय ने कहा, शेड्यूल घरेलू भारतीय वाहकों द्वारा ले जाए जाने वाले घरेलू यात्रियों की संख्या में पिछले वर्ष 2023 की इसी अवधि की तुलना में वर्ष 2024 में 5.9 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। 17 नवंबर, 2024 को एक दिन में पहली बार घरेलू हवाई यात्री ट्रैफिक ने नया रिकॉर्ड बनाते हुए 5 लाख यात्रियों की संख्या को पार कर लिया। 1 जनवरी को लागू हुए भारतीय वायुयान अधिनियम 2024 का उद्देश्य वैश्विक मानकों के अनुरूप विमान अधिनियम, 1934 को फिर से लागू कर भारत के विमानन क्षेत्र का आधुनिकीकरण करना है।

## पूर्व क्रिकेटर सौरव गांगुली की बेटी सना सड़क दुर्घटना में बाल-बाल बचीं

**कोलकाता( एजेंसी )।** कोलकाता में एक बार फिर बस ड्राइवर की लापरवाही सामने आई। पूर्व क्रिकेटर सौरव गांगुली की बेटी सना गांगुली एक सड़क दुर्घटना में बाल-बाल बच गईं। एक लग्जरी बस ने सना की कार को टक्कर मार दी। सूत्रों के मुताबिक,



सौरव गांगुली की बेटी सना गांगुली ड्राइवर की सीट के बगल में बैठी थीं। उस समय डायमंड हार्बर रोड पर बेहाला चौराहे के पास दो बसें रेस लगा रही थीं और सना की कार से टकरा गईं। यह घटना बीती रात लगभग 10.30 बजे की है। सूत्रों के अनुसार, बस ने ड्राइवर की सीट के दरवाजे को टक्कर मारी। टक्कर की वजह से सना की कार असंतुलित हो गई, लेकिन ड्राइवर की सूझबूझ के कारण सना की कार बच गई। हालांकि, कार क्षतिग्रस्त हो गई, लेकिन सना को चोट नहीं आई। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, बस अमता जा रही थी। परिवार ने बेहाला थाने में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत के बाद कोलकाता पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की और आरोपी बस ड्राइवर को गिरफ्तार कर वाहन को भी जब्त कर लिया गया। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने बताया कि बस ड्राइवर की लापरवाही की वजह से यह हादसा हुआ है। पुलिस बस चालक को गिरफ्तार कर कानूनी प्रक्रिया को आगे बढ़ा रही है।

## केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर ने स्वरूपनगर में इचामती नदी (एनडब्ल्यू 44) पर पुल का किया शिलान्यास

**स्वनरूपनगर:** केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग राज्यमंत्री शांतनु ठाकुर ने आज यहां सिंगल लेन सड़क पुल की आधार शिला रखी। नए आरसीसी पुल को यात्रियों के लिए सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करने, निर्बाध नौवहन की सुविधा मुहैया कराने, क्षेत्रीय विकास और संपर्क लक्ष्यों को समर्थन प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। नया आरसीसी पुल 2 टन तक के भार के साथ यात्रियों और माल की सुरक्षित आवाजाही में सहायक होगा। करीब 16 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित इस नए पुल का सभी मौसम में उपयोग किया जा सकेगा। यह पुल 64 मीटर लंबा होगा तथा इस में दोनों ओर 120 मीटर की एप्रोच सड़कें होंगी। यातायात और सुरक्षा में सुधार के प्रयासों के तह स्व्रूपनगर में इचामती नदी को पार करने के लिए बने मौजूदा बांस के पुल की जगह इस आरसीसीपुल को बनाया जा रहा है। बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के अंतर्गत देश में




अंतर्देशीय जलमार्ग विकास के लिए नोडल एजेंसी, भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (आईडब्ल्यूएआई) 16 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश से इस सिंगल लेन पुलका निर्माण कर रही है। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर ने कहा, ''आज एतिहासिक अवसर है क्योंकि इलाकों के लोगों की लंबे समय से प्रतीक्षित इच्छा का सम्मोन करते हुए हम स्वतरूप नगर में पुल की आधारशिला रख रहे हैं। इससे न केवल पहुंच आसान होगी बल्कि क्षेत्र के लिए इलाके में आर्थिक समृद्धि के द्वार भी खुलेगा। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के सक्षम नेतृत्व में हमारी सरकार राष्ट्रीय जलमार्ग संख्या 44 यानी इचामती नदी के महत्वपूर्ण हिस्सों पर ड्रेजिंग के साथ नौवहन में सुधार के लिए कई परियोजनाओं पर काम कर रही है। हम मोदीजी के विकसित भारत के सपने को साकार करने की दिशा में पश्चिम बंगाल के बुनियादी ढांचे के विकास और समृद्ध जलमार्ग नेटवर्क को सशक्त बनाने के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध हैं।'' आईडब्ल्यूएआई ने ह्ल्ङ्ख 44 पर प्रमुख नदी खंडों पर नौवहन क्षमता बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण प्रयास शुरू किए हैं। इस पहल के अंतर्गत जलकुंभी, खरपतवार और अपशिष्ट पदार्थ - जिसमें प्लास्टिक और गैर-प्लास्टिक दोनों तरह के मलबे के साथ-साथ प्राकृतिक और कृत्रिम रूप से डंप किए गए पदार्थ शामिल हैं।

कोटेंटुलिया (ष्ट्ढ 40 किमी) सेकलंची (ष्ट्ढ63.38 किमी) तक साफ किया गया है। पहले चरण में टेंटुलिया से कलंचीतक 23.38 किलोमीटर के हिस्से में ड्रेजिंग ऑपरेशन शुरू हो गया है। इसका लक्ष्य 1.5 मीटर (1.2 मीटरप्लस 0.3 मीटर वहनीयता) की नौवहन गहराई हासिल करना है, जैसा कि अनिवार्य है, और साथ ही नदी में ज्वारीय प्रभाव को बढ़ाना है। बांसझारी, मल्लिकपुर से लेकर ह्ल्ङ्ख-44 के बशीरहाट पुल खंड के बीच नौवहन भी की जा रही है। शांतनु ठाकुर ने आगे कहा, ''प्रधान मंत्रीश्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में हमारी सरकार सक्रियता पूर्वक जलमार्गों को पुनर्जीवित कर रही है, ताकि परिवहन का यह कुशल, किफायती और पारिस्थितिक रूप से सुरक्षित साधन देश के लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सके। वर्ष 2014 से माननीय प्रधानमंत्री मोदीजी के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय जलमार्गों पर माल यातायात में तीव्र वृद्धि देखी गई है, जो 2014 में मात्र 18 मिलियन टन से बढ़कर वित्तवर्ष 2023-24 के अंत तक 133 मिलियन तक पहुंच गई है। सागर माला कार्यक्रम के अतिरिक्त पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान एक और क्रांतिकारी पहल है, जिसका उद्देश्य हमारे बुनियादी ढांचे का आधुनिकी करण और मशीनीकरण करके देश के लॉजिस्टिक्स क्षेत्र को सुगम बनाना है। हमारी सरकार सागर माला परियोजना के अंतर्गत 136.20 करोड़ रुपये की लागत से तारणीपुर में पुल बनाने पर सक्रिय रूप से विचार कर रही है।

दैनिक
विश्व परिवार
महानगर
www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com
रायपुर, सोमवार 06 जनवरी 2025

## मुख्यमंत्री साय ने गुरू गोविंद सिंह जयंती की दी बधाई एवं शुभकामनाएं

**रायपुर (विसं)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने सिखों के 10वें गुरु और खालसा पंथ के संस्थापक गुरु गोविन्द सिंह जी की 6 जनवरी को जयंती के अवसर पर सिख समाज सहित सभी प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा है कि गुरु गोविंद सिंह जी आध्यात्मिक गुरु और निडर योद्धा भी थे। उन्होंने प्रेम, एकता, भाईचारे का संदेश लोगों को दिया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह जी के बताए रास्ते पर चलकर हम सभी को देश और समाज के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करना चाहिए।






## शीघ्रलेखन एवं मुद्रलेखन कम्प्यूटर कौशल परीक्षा 11 और 12 जनवरी 2025 को

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** शीघ्रलेखन एवं मुद्रलेखन कम्प्यूटर कौशल परीक्षा 11 एवं 12 जनवरी 2025 को विभिन्न केन्द्रों में आयोजित की जाएंगी। परीक्षार्थीगण परिषद की वेबसाईट https://ctsp.cg.nic.in से अपने एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। शीघ्रलेखन एवं मुद्रलेखन कम्प्यूटर कौशल परीक्षा परिषद के सचिव से मिली जानकारी के अनुसार 11 जनवरी को श्री शंकराचार्य इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल मेनेजमेंट एण्ड टेक्नोलॉजी, मुजगहन रायपुर, श्री शंकराचार्य इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नीकल केम्पस जुनवानी रोड भिलाई, डी.पी विप्र महाविद्यालय, पुराना उच्च न्यायालय रोड बिलासपुर, धरमु माहरा शासकीय कन्या पॉलिटेक्निक, धरमपुरा-2 जगदलपुर में आयोजित की जाएगी। इसी प्रकार 12 जनवरी को श्री शंकराचार्य इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल मेनेजमेंट एण्ड टेक्नोलॉजी, मुजगहन रायपुर, श्री शंकराचार्य इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नीकल केम्पस जुनवानी रोड भिलाई, डी.पी विप्र महाविद्यालय, पुराना उच्च न्यायालय रोड बिलासपुर, धरमु माहरा शासकीय कन्या पॉलिटेक्निक, धरमपुरा-2 जगदलपुर एवं भिलाई इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी केन्द्र नवा रायपुर में आयोजित की जाएगी। परीक्षार्थी इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए शीघ्रलेखन एवं मुद्रलेखन कम्प्यूटर कौशल परीक्षा परिषद की वेबसाईट का अवलोकन कर सकते हैं।

# अमेरिका से पहुंचे डॉक्टर लैरी ने की आठ मरीजों की निशुल्क सर्जरी







### स्वर्गीय कन्हैयालाल जी गंगवाल की स्मृति में निशुल्क शिविर का आयोजन

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** अमेरिका से पहुंचे मशहूर डॉ. लैरी विस्टन ने आठ मरीजों की निशुल्क सर्जरी की है। इसमें 3 मरीज होंठ के व 5 मरीज स्किन से रिलेटेड थे। यह प्लास्टिक सर्जरी कीर्तिशेष स्वर्गीय कन्हैयालाल जी गंगवाल की स्मृति में भारतीय जैन संघटना की ओर से आयोजित की गई है। कार्यक्रम की शुरुआत संगठन के सदस्य और डॉक्टर द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई।

इसमें कटे फटे होंठ एवं तालू, पलकों की विकृति, चेहरे के दाग धब्बे जैसे समस्या का इलाज किया जाएगा। यह शिविर गुढियारी स्थित सुयश हॉस्पिटल में लगाया गया है। हॉस्पिटल की ओर से सर्जरी कराने ऑपरेशन थियेटर देकर विशेष सहयोग प्रदान किया गया है। इस मौके पर भारतीय जैन संघटना के प्रदेश अध्यक्ष विजय गंगवाल, पूर्व अध्यक्ष मनोज लुंकड़, प्रदेश महासचिव सीए विकास गोलछा समेत अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### 6 जनवरी को भी होगा निशुल्क इलाज

इस शिविर का आयोजन 5 व 6 जनवरी को किया गया है। कटे फटे होंठ एवं तालू, पलकों की विकृति, चेहरे के दाग धब्बे जैसे परेशानियों से ग्रसित मरीज 6 जनवरी को सुबह 9 से 12 बजे तक सुयश अस्पताल में जाकर रजिस्ट्रेशन कराकर निशुल्क इलाज की सुविधा पा सकते है। साथ ही मरीजों को जांच के लिए खाली पेट आना अनिवार्य है। अधिक जानकारी के लिए 9926386660 इस नंबर पर संपर्क कर सकते है।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने ऑटोएक्सपो 2025 के पोस्टर का किया विमोचन



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से आज पुलिस परेड ग्राउंड हेलीपेड में रायपुर आटोमोबाईल डिलर्स एसोसियेशन (राडा) के सदस्यों ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस दौरान 15 जनवरी से 15 फरवरी तक राजधानी रायपुर के साइंस कालेज ग्राउण्ड में आयोजित ऑटो एक्सपो 2025 के पोस्टर का विमोचन किया। इस अवसर पर खाद्य मंत्री श्री दयाल दास बघेल एवं रायपुर उत्तर के विधायक श्री पुरंदर मिश्रा भी उपस्थित थे।

एसोसियेशन के अध्यक्ष श्री रविन्द्र भसीन एवं प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को ऑटोएक्सपो 2025 के उद्घाटन हेतु मुख्य अतिथि के रूप में सम्मलित होने के लिए आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री ने इस आमंत्रण के लिए एसोसिएशन के सदस्यों को धन्यवाद दिया।

एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री भसीन ने मुख्यमंत्री श्री साय को बताया कि इस एक्सपो में छत्तीसगढ़ के प्रमुख ऑटोमोबाइल व्यवसायी भाग लेंगे। प्रदर्शनी में दोपहिया, चारपहिया, कमर्शियल वाहन, ट्रैक्टर डीलर्स, फाइनेंसर, ऑइल एजेंसी सहित ऑटोमोबाइल क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न श्रेणियों के 200 से अधिक स्टॉल लगाए जाएंगे। इस दौरान नवीनतम वाहनों का प्रदर्शन किया जाएगा और लोगों को नई तकनीक की जानकारी दी जाएगी। पोस्टर विमोचन के दौरान राडा के उपाध्यक्ष कैलाश खेमानी, सचिव विवेक अग्रवाल, छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ़ कामर्स के प्रदेश अध्यक्ष श्री अमर परवानी, फेडरेशन ऑफ़ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष श्री मनीष राज सिंघानिया उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय महासमुंद जिले में 217 करोड़ 17 लाख रुपए के 419 विकास कार्यों का करेंगे लोकार्पण एवं भूमिपूजन

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय सोमवार 6 जनवरी को स्वामी आत्मानंद हिन्दी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महासमुंद में आयोजित विकास कार्यों के लोकार्पण, शिलान्यास एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री श्री साय जिले में कुल 217 करोड़ 17 लाख रुपए के 419 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे। इसमें 111 करोड़ 21 लाख रुपए के 335 विकास कार्यों का लोकार्पण और 105 करोड़ 96 लाख रुपए के 84 कार्यों का भूमिपूजन शामिल है।

लोकार्पण अंतर्गत 11 विभागों के 111 करोड़ 21 लाख रुपए लागत राशि के 335 विकास कार्य शामिल है। जिसमें लोक निर्माण विभाग के 3 विकार्स कार्य लागत राशि 2 करोड़ 52 लाख रुपए, सेतु निर्माण विभाग के 4 विकास कार्य लागत राशि 16 करोड़ 96 लाख रुपए, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के 11 विकास कार्य लागत राशि 97 लाख रुपए, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के 57 विकास कार्य लागत राशि 42 करोड़ 62 लाख रुपए, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल विभाग के 80 कार्य लागत राशि 14 करोड़ 41 लाख रुपए, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के 4 विकास कार्य लागत राशि एक करोड़ 45 लाख रुपए, आदिवासी विकास विभाग के 3 विकास कार्य लागत राशि 4 करोड़ 76 लाख रुपए, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के 122 विकास कार्य लागत राशि 8 करोड़ 49 लाख रुपए, विद्युत विभाग के 6 विकास कार्य लागत राशि 15 करोड़ 70 लाख रुपए, वन विभाग के 2 करोड़ 35 लाख रुपए लागत राशि के 7 विकास कार्य एवं नगरीय निकाय के 96 लाख रुपए लागत राशि के 38 कार्य शामिल है।

भूमिपूजन अंतर्गत 8 विभागों के 103 करोड़ 68 लाख रुपए लागत राशि के 56 विकास कार्य शामिल है। जिसमें लोक निर्माण विभाग के 7 विकास कार्य लागत राशि 52 करोड़ 19 लाख रुपए, सेतु निर्माण विभाग के 2 विकास कार्य लागत राशि 10 करोड़ 85 लाख रुपए, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के 10 विकास कार्य लागत राशि 2 करोड़ 23 लाख रुपए, छ.ग.ग्रा.स.वि.अ. विभाग के 14 विकास कार्य लागत राशि 13 करोड़ 65 लाख रुपए, जल संसाधन विभाग के 4 विकास कार्य लागत राशि 13 करोड़ 40 लाख रुपए, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के 13 विकास कार्य लागत राशि 68 लाख रुपए, विद्युत विभाग के 4 विकास कार्य लागत राशि 9 करोड़ 62 लाख रुपए, वन विभाग के एक करोड़ 5 लाख रुपए लागत राशि के 2 विकास कार्य एवं नगरीय निकाय के 2 लाख 28 हजार रुपए लागत राशि के 28 विकास कार्य शामिल है।

## डीआईसीसीआई छत्तीसगढ़ चैप्टर का प्रेसीडेंट अभिनव सत्यवंशी को घोषित किया गया



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** 4 जनवरी 2025 को डीआईसीसीआई (दलित इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री) के छत्तीसगढ़ चैप्टर द्वारा क्षेत्रीय परिषद की बैठक का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पश्चिमी क्षेत्र के अध्यक्ष श्री संतोष कांबले मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक में छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के समन्वयक उपस्थित थे, जिन्होंने वर्तमान उद्यमशीलता व्यापार व्यवसाय के परिदृश्य, औ ?द्योगिक नीति 24-29 और उससे जुड़ी चुनौतियों पर चर्चा की।

इस महत्वपूर्ण बैठक में डीआईसीसीआई छत्तीसगढ़ चैप्टर के प्रेसीडेंट पद के लिए अभिनव सत्यवंशी के नाम की घोषणा की गई। यह घोषणा पश्चिमी क्षेत्र के अध्यक्ष श्री संतोष कांबले एवं डिक्की छत्तीसगढ़ के मनीष बौद्ध जी द्वारा की गई और राज्य के कोर टीम के पदाधिकारियों एवं आमंत्रित क्षेत्रीय समिति के सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। इसके पूर्व डीआईसीसीआई छत्तीसगढ़ चैप्टर की कमान श्री प्रमोद घरडे सम्हाल रहे थे। उनके कार्यकाल पूर्ण होने के पश्चात अब नए प्रेसीडेंट की नियुक्ति की गई है। डिक्की अनुसूचित जाति एवं जनजाति के उद्यमी व्यवसायियों के हितों के लियते काम कर रही देश का सबसे बड़ा संगठन है 7 यह बैठक राज्य के अनुसूचित जाति एवं जनजाति के उद्यमियों को सशक्त बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम थी।













